

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -17 जबलपुर, शुक्रवार 14 फरवरी 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


## मणिपुर में लगा राष्ट्रपति शासन

### सीएम के पद से वीरेन सिंह ने दिया था इस्तीफा



नई दिल्ली.(आरएनएस)। केन्द्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया है. गृह मंत्रालय ने एक आधिकारिक अधिसूचना जारी कर राज्य में राष्ट्रपति शासन की घोषणा की है. अधिसूचना में कहा गया है कि मैं भारत की राष्ट्रपतिए द्रौपदी मुर्मू को मणिपुर राज्य के राज्यपाल से एक रिपोर्ट प्राप्त हुई है. रिपोर्ट व मेरे द्वारा प्राप्त अन्य जानकारी पर विचार करने के बाद मैं संतुष्ट हूं कि ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है जिसमें उस राज्य की सरकार को भारत के संविधान (बाद में संविधान के रूप में संदर्भित) के प्रावधानों के अनुसार नहीं चलाया जा सकता है.

पार्टी के पूर्वोत्तर प्रभारी संबित पात्रा व विधायकों के बीच कई दौर की चर्चा के बावजूद भाजपा सीएम पद के लिए नए नेता का नाम बताने में विफल रही. पात्रा पिछले दो दिनों में राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से दो बार मुलाकात कर चुके हैं. पात्रा ने पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष शारदा देवी के साथ भल्ला से बातचीत की फिर से राज्यपाल से मुलाकात की. इस बीच कांग्रेस विधायक थोकचोम लोकेश्वर ने पात्रा की राज्य यात्रा के उद्देश्य पर सवाल उठाया और पूछा कि क्या उनका इरादा नेतृत्व संकट को हल करने का है. मई 2023 में राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 250 से अधिक लोग मारे गए हैं, हजारों लोग बेघर हो गए हैं. सिंह को विपक्षी दलों, खासकर कांग्रेस से भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा था. जिसने राज्य विधानसभा में अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था.

पार्टी के पूर्वोत्तर प्रभारी संबित पात्रा और विधायकों के बीच कई दौर की चर्चा के बावजूद भाजपा सीएम पद के लिए नए नेता का नाम बताने में विफल रही। पात्रा पिछले दो दिनों में राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से दो बार मुलाकात कर चुके हैं। मंगलवार को पात्रा ने पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष ए.शारदा देवी के साथ भल्ला से बातचीत की और बुधवार को उन्होंने फिर से राज्यपाल से मुलाकात की। इस बीच, कांग्रेस विधायक थोकचोम लोकेश्वर ने पात्रा की राज्य यात्रा के उद्देश्य पर सवाल उठाया और पूछा कि क्या उनका इरादा नेतृत्व संकट को हल करने का है।

मई 2023 में राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। सिंह को विपक्षी दलों, खासकर कांग्रेस से भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा था, जिसने राज्य विधानसभा में अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था।

### जुआरी पति, पत्नी को जुए के दांव में हारा, रात भर बिना कपड़ों के रखा और मारा-पीटा

छतरपुर. (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले से पति-पत्नी के प्यार और विश्वास भरे रिश्ते को कलंकित करने वाला मामला सामने आया है. यहां एक जुआरी पति फड़ पर बैठकर अपनी ही पत्नी को हार गया. इतना ही नहीं, जुए में हारने के बाद पति वापस पत्नी के पास गया और पैसे मांगने लगा. पैसे न देने पर उसने पत्नी की काफी बुरी तरह से पिटाई की. इस दौरान महिला के प्राइवेट पार्ट में गंभीर चोट आई. महिला ने पुलिस में पति के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई. पुलिस ने पति के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है. यह मामला जिले के गुलगंज थाना क्षेत्र का है. घायल अवस्था में पीड़ित महिला एसपी ऑफिस पहुंची और न्याय की गुहार लगाने लगी. पुलिस को दी गई शिकायत में पीड़ित महिला ने बताया कि वह बौकना गांव में रहने वाली है.

### एमपी टूरिज्म बोर्ड और वी रियल संस्था के बीच हुआ एमओयू

## वर्चुअल टूर से मिलेगी मध्यप्रदेश के इतिहास और संस्कृति की जानकारी-मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में गुरूवार को एमपी टूरिज्म बोर्ड और फिनलैंड की संस्था वी रियल के बीच प्रदेश के पर्यटन स्थलों, ऐतिहासिक धरोहरों और संग्रहालयों पर आधुनिक तकनीक का उपयोग कर वर्चुअल टूर तैयार करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीवंत अनुभूति देने वाले इन वर्चुअल टूर के माध्यम से अब पर्यटन, इतिहास और संस्कृति में रूचि रखने वाले व्यक्ति, अपने देश में रहते हुए मध्यप्रदेश के गौरवशाली इतिहास और समृद्ध संस्कृति से परिचित हो सकेंगे। इससे प्रदेश के पर्यटन स्थलों और एतिहासिक धरोहरों का वैश्विक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने में मदद मिलेगी और विश्व के विभिन्न देशों से आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में भारत में फिनलैंड के राजदूत श्री किम्मो लाहदेविर्ता का शॉल और पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत किया और प्रदेश के पर्यटन स्थलों, ऐतिहासिक धरोहरों और संस्कृति को प्रदर्शित करती कॉफी टेबल बुक भेंट की। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति श्री शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि फिनलैंड की कंपनी वी-रियल द्वारा इतिहास, संस्कृति, और धरोहर का उन्नत तकनीक के माध्यम से वीडियो निर्माण कर संरक्षित और पुनर्जीवित किया जाता है। कंपनी इस वर्चुअल टूर को अपने प्लेट फार्म पर उपलब्ध कराती है, जो वैश्विक स्तर पर शैक्षणिक संस्थाओं सहित टूर और ट्रैवल संस्थानों सहित आम नागरिकों के लिए उपलब्ध रहते हैं।

### देश का भविष्य खतरे में, इंडिया गठबंधन में संयुक्त नेतृत्व, शरद पवार को भी दी सलाह-आदित्य ठाकरे



नई दिल्ली-(आरएनएस)। शिवसेना (यूबीटी) ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को सम्मानित करने के लिए अपने सहयोगी और राकांपा (सपा) अध्यक्ष शरद पवार पर कड़ी अस्वीकृति व्यक्त की। सेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने एकनाथ शिंदे को सम्मानित करने के लिए शरद पवार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि मैं उनकी (शरद पवार) उम्र, वरिष्ठता और सिद्धांतों के बारे में बात नहीं करूंगा। हमारा सिद्धांत है कि हम ऐसे व्यक्ति (एकनाथ शिंदे) का कभी सम्मान न करें।% उन्होंने (एकनाथ शिंदे) न सिर्फ हमारी पार्टी और परिवार को बल्कि महाराष्ट्र की रीढ़- राज्य में औद्योगीकरण को भी विभाजित कर दिया है। आदित्य ठाकरे ने साफ तौर पर कहा कि जो महाराष्ट्र द्रोही है, वह देश द्रोही भी होता है।

## लोकसभा में पेश हुआ नया इनकम टैक्स बिल, आयकर भरना होगा आसान



नई दिल्ली-(आरएनएस)। कैबिनेट की मंजूरी के बाद गुरुवार को निर्मला सीतारमण ने नया इनकम टैक्स बिल संसद में पेश किया। यह विधेयक, जो आयकर अधिनियम, 1961 की जगह लेगा, का उद्देश्य भारत की कर प्रणाली को सरल और आधुनिक बनाना है। यह कानूनी भाषा को भी सरल बनाएगा ताकि करदाता प्रावधानों को आसानी से समझ सकें। विधेयक में नए कर नहीं लगाए जाएंगे। इसके बजाय, यह कर कानूनों को सरल बनाने, कानूनी जटिलताओं को कम करने और करदाताओं के लिए अनुपालन को आसान बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

इसमें छोटे वाक्य, प्रावधान और स्पष्टीकरण होंगे। सरकार ने यह भी कहा है कि नया कानून मौजूदा कानून से 50 फीसदी छोटा होगा. एक प्रमुख लक्ष्य मुकदमेबाजी को कम करना भी है। विधेयक कुछ अपराधों के लिए कम दंड पेश कर सकता है, जिससे कर प्रणाली अधिक करदाता-अनुकूल बन जाएगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सात फरवरी को नये आयकर विधेयक को मंजूरी दी थी, जो छह दशक पुराने आयकर अधिनियम की जगह लेगा। सदन में विधेयक पेश किए जाने का तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय समेत कुछ विपक्षी सदस्यों ने विरोध किया। वित्त मंत्री ने सदस्यों की आपत्तियों के बीच विधेयक सदन में प्रस्तुत किया और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से इसे सदन की प्रवर समिति को भेजने का अनुरोध किया। नया विधेयक प्रत्यक्ष कर कानून को समझने में आसान बनाने और कोई नया कर बोझ नहीं लगाने की एक कवायद है। इसमें प्रावधान और स्पष्टीकरण या कठिन वाक्य नहीं होंगे। नए विधेयक की घोषणा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक फरवरी को अपने बजट भाषण में की थी।

### पाकिस्तानी सेना ने बिना किसी वजह की गोलीबारी, भारतीय सेना ने दिया करारा जबाव

पुंछ. (आरएनएस)। जम्मू-काश्मीर के पुंछ सेक्टर में अचानक आतंकवादियों की घुसपैठ कराने की कोशिश तेज हो गई है. जिसके चलते पाकिस्तानी सेना ने आज जमकर गोलीबारी शुरु कर दी. जिसका भारतीय सेना ने करारा जबाव दिया तो पाकिस्तान अपने हताहत हुए सैनिकों की अब गिनती भी नही कर पा रही है.

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के उस पार से बिना उकसावे के की गई गोलीबारी का भारतीय सेना ने करारा जवाब दिया. जिसमें काफी संख्या में पाकिस्तानी सैनिक घायल हो गए. सुरक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी है. हालांकि पाकिस्तान की ओर से हुए नुकसान को लेकर पाकिस्तान चुप्पी साधे बैठा है. वहीं दुश्मन सेना को भारी नुकसान हुआ है. भारतीय सेना ने इस जानकारी की न तो पुष्टि की और न ही खंडन किया. अधिकारियों ने बताया कि कृष्णा घाटी सेक्टर में पाकिस्तान द्वारा संघर्ष-विराम का उल्लंघन ऐसे समय में किया गया.

### राज्यसभा में जेपी नड्डा का विपक्ष पर पलटवार

## कुछ लोग देश को तोड़ने की कोशिश में लगे हैं



नई दिल्ली-(आरएनएस)। वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संयुक्त समिति की रिपोर्ट पेश की गई और बाद में विपक्ष के भारी विरोध के बीच राज्यसभा ने इसे स्वीकार कर लिया। हालांकि, इसको लेकर विपक्ष का हंगामा जारी है। विपक्ष के नेता और कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि विपक्ष फर्जी रिपोर्टों को स्वीकार नहीं करेगा जो हमारे विचारों को कमजोर करती हैं। कांग्रेस प्रमुख ने मांग की कि रिपोर्ट को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को वापस भेजा जाए और दोबारा पेश किया जाए।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विपक्ष पर पलटवार किया है। उन्होंने कांग्रेस पर देश विरोधी तत्वों का समर्थन करने का आरोप लगाया। नड्डा ने कहा कि आज प्रात: से आपने (सभापति जी ने) विपक्ष को पूरा मौका दिया है और ये चाहा कि उनके सारी चिंताओं पर यहां चर्चा हो। लेकिन, विपक्ष का उद्देश्य चर्चा करना नहीं, बल्कि राजनीतिक दृष्टि से अपना अंक स्कोर करना है। संसदीय कार्य मंत्री ने सदन को बताया है कि रिपोर्ट से कोई भी बात हटाई नहीं गई है। फिर भी विपक्ष ने बहुत गैर जिम्मेदाराना व्यवहार किया है, ये तुष्टिकरण की राजनीति है। उन्होंने विपक्ष पर वार करते हुए कहा कि कुछ लोग देश को तोड़ने की साजिश रच रहे हैं और जो लोग देश को खंडित करने का काम कर रहे हैं, कांग्रेस और विपक्ष उनके हाथ मजबूत करने का काम कर रहे हैं। बह सदन की कार्यवाही आरंभ होने के कुछ ही देर बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मेधा विश्राम कुलकर्णी ने समिति की रिपोर्ट सदन में पेश की।

## वक्फ बिल रिपोर्ट राज्यसभा में पेश, विपक्ष का भारी हंगामा, सरकार पर लगाया ये आरोप

### राज्यसभा में वक्फ बिल पर जेपीसी रिपोर्ट पेश-खड़गे बोले- ये फर्जी; संजय सिंह ने कहा- राय पर असहमति ठीक, लेकिन कूड़ेदान में क्यों फेंका



नई दिल्ली-(आरएनएस)। कांग्रेस पार्टी के स्थगन प्रस्ताव और वक्फ (संशोधन) विधेयक पर जेपीसी की रिपोर्ट के बाद बढ़े नाटक के बीच संसद के बजट सत्र की पहली बैठक गुरुवार को समाप्त होगी। राज्यसभा में बृहस्पतिवार को वक्फ संशोधन विधेयक संबंधी संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट पेश की गई, जिसके बाद विपक्षी दलों का भारी हंगामा देखने को मिला। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि मैंने विपक्ष द्वारा उठाई गई चिंताओं की जाँच की है। रिपोर्ट में कोई विलोपन या निष्कासन नहीं है। सब कुछ सदन के पटल पर है। ऐसा मुद्दा किस आधार पर उठाया जा सकता है?

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विपक्ष के सदस्य अनावश्यक मुद्दा बना रहे हैं, जो तथ्य नहीं है। आरोप झूठा है। जेपीसी ने पूरी कार्यवाही नियमानुसार की। जेपीसी के सभी विपक्षी सदस्यों ने पिछले 6 महीनों में सभी कार्यवाही में भाग लिया। सभी असहमति नोट रिपोर्ट के परिशिष्ट में संलग्न हैं। वे सदन को गुमराह नहीं कर सकते। वक्फ संशोधन विधेयक पर जेपीसी की रिपोर्ट पर चर्चा के बीच विपक्ष ने राज्यसभा से वॉकआउट किया।

विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि वक्फ बोर्ड पर जेपीसी की रिपोर्ट में कई सदस्यों की असहमति रिपोर्ट है। उन नोटों को हटाना और हमारे विचारों को कुचलना सही नहीं है। यह लोकतंत्र विरोधी है। उन्होंने कहा कि मैं असहमति रिपोर्ट को हटाकर पेश की गई किसी भी रिपोर्ट की निंदा करता हूं। हम ऐसी फर्जी रिपोर्टों को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। यदि रिपोर्ट में असहमति के विचार नहीं हैं, तो इसे वापस भेजा जाना चाहिए और फिर से प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

सुबह सदन की कार्यवाही आरंभ होने के कुछ ही देर बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मेधा विश्राम कुलकर्णी ने समिति की रिपोर्ट सदन में पेश की। रिपोर्ट पेश होते ही कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और वामपंथी दल सहित कुछ अन्य दलों के सदस्यों ने हंगामा शुरु कर दिया। हंगामा कर रहे सदस्य आसन के निकट आ गए और नारेबाजी करने लगे। हंगामे के बीच ही सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि वह राष्ट्रपति का एक संदेश सदन में पेश करना चाहते हैं। उन्होंने हंगामा कर रहे सदस्यों से अपने स्थानों पर लौट जाने और सदन में व्यवस्था बनाने की अपील की। हालांकि, इसके बावजूद हंगामा जारी रहा।

### भोपाल में भीख देने पर पहली एफआईआर दर्ज, एमपी नगर थाने में हुई शिकायत



भोपाल (आरएनएस)। एमपी नगर थाने में बुधवार को भीख देने व लेने वाले के खिलाफ पहली एफआइआर दर्ज की गई है। यह एफआइआर समाजसेवी मोहन सोनी की शिकायत पर हुई है। उन्होंने भिक्षावृत्ति की वीडियोग्राफी की व इसे अधिकारियों के साथ थाने पहुंचकर बताया। इसके पुलिस ने प्राथमिक तौर पर बीएनएस की धारा 223 के तहत एफआइआर दर्ज की है। बता दें कि इससे पहले एक युवक से भिक्षुक का विवाद हो गया था, तब पुलिस झगड़े का प्रकरण दर्ज किया था। पुलिस के मुताबिक एकता नगर कोहेफिजा निवासी 43 वर्षीय मोहन सोनी ने बताया कि वह एक अशासकीय समाज सेवी संस्था में सचिव हैं।

### आतिशी का दावा, आप सरकार के जाते ही चरमराया पावर सेक्टर

## तीन दिन में ही लोगों को हुआ गलती का अहसास



नई दिल्ली-(आरएनएस)। दिल्ली चुनाव नतीजों के कुछ दिनों बाद कार्यवाहक सीएम आतिशी ने गुरुवार को बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि शहर लंबे समय से बिजली कटौती का सामना कर रहा है। कार्यवाहक सीएम ने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि बीजेपी सरकार के सत्ता में आते ही दिल्ली में लंबी बिजली कटौती होने लगी। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया पर भी बिजली कटौती की कई शिकायतें कीं। आतिशी ने आगे आरोप लगाया कि दिल्ली में बीजेपी सरकार आते ही बिजली व्यवस्था बर्बाद हो गई है। बिजली कटौती से परेशान लोग इनवर्टर खरीदने लगे हैं। आतिशी ने दावा किया कि अब वे स्वीकार कर रहे हैं कि इस बार चुनाव में उनसे गलती हुई और वे भाजपा सरकार को सत्ता में ले आये। उन्होंने कहा कि आप की सरकार में जहाँ पिछले 10 सालों में लोगों को 24×7 बिजली मिली वही अब दिल्ली के लोग इन्वर्टर खरीदने को मजबूर है। अभी फरवरी के महीने में ही बिजली का ये हाल है तो गर्मियों में पीक डिमांड के समय क्या होगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में एक पढ़ी-लिखी सरकार बनाम फर्जी डिग्री वाली सरकार के बीच फ़र्क़ मात्र 3 दिन में दिखने लगा है। आप ने बुधवार को आरोप लगाया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के चयन को लेकर भाजपा के भीतर अंदरूनी कलह लोगों के लिए मुश्किलें पैदा कर रही है।

### दिल्ली चुनाव का बिहार पर कोई असर नहीं,मेरे रहते राज्य में भाजपा नहीं बना सकती सरकार-लालू यादव



बिहार-(आरएनएस) राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता लालू प्रसाद यादव ने दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजों के बिहार में महत्व को खारिज करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पास राज्य में सरकार बनाने की कोई संभावना नहीं है। यादव ने कहा कि जनता अब भाजपा की स्थिति को पहचान गयी है। दिल्ली चुनाव के नतीजे और उसके बिहार पर प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। वे सरकार कैसे बना सकते हैं? क्या हमारे रहते हुए भाजपा सरकार बना सकती है? लोगों ने अब भाजपा को पहचान लिया है।

### कैथोलिक सूबे की जमीन से मिले 100 साल पुराने मंदिर के अवशेष! चर्च ने हिंदू अनुष्ठान की अनुमति दी

केरल(आरएनएस)। केरल में पलाई के कैथोलिक सूबा के स्वामित्व वाली भूमि पर एक मंदिर के अवशेष पाए गए हैं, जिसके कारण चर्च ने हिंदू भक्तों को देवप्रसन्नम - भगवान की इच्छा की व्याख्या करने के लिए किया जाने वाला एक ज्योतिषीय अनुष्ठान - करने की अनुमति दे दी है।

स्थानीय हिंदू संगठनों के सदस्यों के साथ-साथ चर्च के अनुसार, पिछले सप्ताह शिव लिंग सहित अवशेष सतह पर तब आए जब टैपिओका की खेती के लिए 1.8 एकड़ भूमि की जुताई के लिए अर्थमूवर का उपयोग किया जा रहा था। यह भूमि पलाई के पास वेल्लप्पाडु में श्री वनदुर्गा भगवती मंदिर से 1 किमी दूर है। इस मंदिर के अधिकारी इस स्थल पर देवप्रसन्नम करने की योजना बना रहे हैं। 5 फरवरी को यह खोज तब सामने आई जब श्री वनदुर्गा भगवती मंदिर से लगभग 1 किमी दूर, पाला क्षेत्र के पास कोट्टायम जिले में वेल्लाप्पडू के पास 1.8 एकड़ के भूखंड पर टैपिओका की खेती के लिए भूमि को काटने के लिए अर्थमूवर का उपयोग किया गया।

## जया बच्चन ने खोया आपा, बीजेपी सांसद की इस बात पर बुरी तरह भड़कीं



नई दिल्ली-(आरएनएस)। समाजवादी पार्टी की राज्यसभा सांसद जया बच्चन संसद में अपने तीखे भाषण को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं. बजट सत्र के आठवें दिन बजट पर बोलते हुए उनका गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया और वो बीजेपी सांसदों पर खूब भड़कीं। वो फिल्म इंडस्ट्री में दिहाड़ी पर काम करने वाले लोगों के बारे में बात कर रही थीं, तभी सत्ता पक्ष के टोकने पर वो भड़क गईं। जया बच्चन ने बजट में फिल्म इंडस्ट्री को कोई मदद नहीं दिए जाने का मुद्दा उठाया और कहा कि सरकार ने फिल्म इंडस्ट्री को पूरी तरह से नजरअंदाज किया है। इस इंडस्ट्री में कई गरीब लोग भी काम करते हैं जो दिहाड़ी पर काम करते हैं, मनोरंजन कर में कोई कमी नहीं होने से इन लोगों के लिए अपना गुजारा करना काफी मुश्किल हो गया है। मैं वित्त मंत्री से अनुरोध करती हूं कि वो इस ओर ध्यान दें और इन्हें बचाने के लिए कुछ करें।

समाजवादी पार्टी (सपा) की राज्यसभा सदस्य जया बच्चन ने मंगलवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से फिल्म उद्योग को बचाने और इसे जीवित रखने में मदद के लिए कुछ प्रस्ताव लाने का आग्रह किया। राज्यसभा में केंद्रीय बजट 2025-26 पर चर्चा के दौरान अभिनेत्री एवं नेता जया बच्चन ने सरकार पर फिल्म उद्योग को खत्म करने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा कि दिहाड़ी मजदूरों का जीवित रहना मुश्किल हो गया है और सिंगल-स्क्रीन थिएटर बंद हो रहे हैं, लोग सिनेमा हॉल नहीं जा रहे हैं क्योंकि सब कुछ बहुत महंगा हो गया है।




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना अधारतला में सौरभ राजभर उम्र 34 वर्ष निवासी छुई खदान पन्नी मोहल्ला अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह आटो चलाने का काम करता है उसके घर के सामने बनी सीसी रोड पर उसका भाई रीतेश राजभर उर्फ रितिक स्पीड ब्रेकर बना रहे थे तभी मोहल्ले का अप्पू , अप्पू के पिता और आयुष बैरागी से उसके भाई रीतेश उर्फरितिक का विवाद हुआ था । हम लोग जब घर के सामने खड़े थे रात लगभग 11 बजे आयुष बैरागी अपने साथियों दीपक पटैल, कुलदीप, संदीप उर्फ आऊआ के साथ आया और हम लोगों से कहने लगा तुम और तुम्हारा भाई बहुत होशियार बनते हो

**राजस्व वसूली अभियान में राजस्व टीम के साथ जल और स्वास्थ्य की टीम भी घर-घर करदाताओं से कर रही है सम्पर्क और डोर टू डोर कचरा प्रबंधन शुल्क की कर रहे हैं वसूली**

# बकायादारों के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई हुई तेज 28 बड़े करदाताओं की सम्पत्तियॉ हुई कुर्क - निगमायुक्त प्रीति यादव

**आज 4 संभागों में राजस्व अमले के साथ अपर आयुक्तों ने की ताबड़तोड़ कुर्की की कार्रवाई रॉझी संभाग की टीम कैनरा बैंक पहुॅची और बकाया करों की राशि कि वसूली की**










जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार राजस्व वसूली अभियान के तहत् कार्रवाई में अब तेजी आई है। 4 संभागों के अंतर्गत 28 बड़े करदाताओं के विरूद्ध कुर्की की कार्रवाई की जारक करदाताओं को बकाया करों की राशि जमा करने नोटिस जारी एवं चस्पा किये गए हैं। निर्धारित समय पर करों की राशि जमा नहीं करने वाले करदाताओं के विरूद्ध आगे अब बड़ी कार्रवाई की जायेगी। 4 संभागों की कार्रवाई में अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा, व्ही.एन. बाजपेयी, प्रशांत गांटिया, श्रीमती अंजू सिंह, मनोज श्रीवास्तव ने स्वास्थ्य, जल एवं राजस्व अमले के साथ करदाताओं के यहॉं जाकर करदाताओं से सम्पर्क किया और बकाया करों की राशि जमा कराई। अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह ठाकुर ने बताया कि संभाग क्रमांक 10 के अंतर्गत कैनरा बैंक से डेढ़ लाख रूपये की वसूली की गई। वहीं अन्य करदाताओं से भी बकाया करों की राशि जमा कराई गयी। इसी प्रकार अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा के द्वारा भी करदाताओं से सम्पर्क कर बकाया करां की राशि जमा कराई और शेष करदाताओं से भी समस्त बकाया करों की राशि जमा करने नोटिस जारी किये। इसी प्रकार अपर आयुक्त प्रशांत गोटिया के द्वारा संभाग क्रमांक 15 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 76 इमलिया में डेली मालिक पर 90 हजार बकाया होने पर कुर्की की कार्रवाई की गयी, वहीं फूलचंद शर्मा पर 1 लाख 30 हजार, लखन पटैल पर 68 हजार एवं राम दुबे पर 55 हजार बकाया होने पर कुर्की की कार्रवाई की गयी। संभाग क्रं. 06 के अन्तर्गत डां. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड में कर वसूली के दौरान बड़ी कार्यवाही की गई करते हुए भवन स्वामी शुभा मिश्रा पति स्व. शिव कुमार मिश्रा बकाया राशि 1 लाख 68 हजार 77, मधाव राव/दौलत राव बकाया राशि 46 हजार 6 सौ 26, राम लाल पिता जोराबल पटेल बकाया राशि 40 हजार 2 सौ 11, बिहारी लाल साहू पिता मूलचंद साहू बकाया राशि 46 हजार 26, के भवन पर कुर्की के पोस्टर चस्पा किये गये साथ ही अन्य बकायादरों से सम्पर्क किया गया। बकाया राशि जमा न होने की स्थिति में उक्त संपत्ति की कुर्की करने की कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने बताया कि निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार अब कुर्की की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। आज संभाग क्रमांक 6, 8, 10, और 15 के अंतर्गत वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में उक्त सभी संभागीय अधिकारियों एवं राजस्व निरीक्षकों के द्वारा कुर्की की कार्रवाई की गई। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने सभी बकायादारों से अपील की है कि समस्त बकाया करों की राशि निगम में जमा कर निगम प्रशासन की अप्रिय कार्यवाही से बचें और लगने वाले अधिभार से भी बचें। कार्रवाई के दौरान संभागीय अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक, राजस्व लिपिक एवं नोटिस सर्वर आदि उपस्थिति रहे।

## भानतलैया सम्भाग 08 में10 बडे बकाया दारों के खिलाफ कार्रवाई







जबलपुर। अपर आयुक्त महोदय आर पी मिश्रा सम्भागीय अधिकारी भानतलैया सम्भाग 08राजस्व निरीक्षक एवं राजस्व वसूली दल द्वारा आज 10 बडे बकाया दारों खेरमाई वार्ड में बकाया दारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुर्की की कार्यवाही की गई कार्रवाई के दौरान संभागीय अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक, राजस्व लिपिक एवं नोटिस सर्वर आदि उपस्थिति रहे।



जबलपुर- भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं मां बड़ी खरमाई ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ,सुरजीत सिंह राजेंद्र चौधरी, संस्कार विष्णु राणा सहित कार्यकर्ताओं के द्वारा परम पूज्य स्वामी डॉक्टर नसिंह देवाचार्य जी महाराज की कृपा भाग्य स्वागत अगवानी कर पुष्प वर्षा की

## ओबीसी महासभा द्वारा ओबीसी को 27 प्रति. आरक्षण ,जाति गत जनगणना हेतु राज्यपाल के नाम का ज्ञापन जिलाध्यक्ष को सौपा




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। ओबीसी महासभा अध्यक्ष गिरानी लाल कुशवाहा टीकाराम कोष्टा नोखेलाल प्रजापति राम रतन यादव घनश्याम यादव रामदास यादव आर वी पटेल धर्मेंद्र कुशवाहा राजेंद्र पिल्लई आरके पटेल एडवोकेट रामकिशोर शिवहरे एडवोकेट राम गिरीश वर्मा शैलेश लोधी इंद्र कुमार गोपाल सिंह लोधी विजय पासी धर्मेंद्र पटेल आदि ने ज्ञापन देकर ओबीसी महासभा माग करती है कि प्रदेश के सभी जिलों मे ओबीसी को 27त्न आरक्षण नौकरियों में प्राप्त हो मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने निर्णय देकर मार्ग प्रशस्त कर दिया है इसके बावजूद प्रदेश में सरकारी भर्तियों में पूर्ण रूप से इसे लागू नहीं किया गया वर्तमान में सरकारी पदों पर मात्र 13त्न आरक्षण की व्यवस्था अन्याय पूर्ण है लाखों पिछड़ा वर्ग के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ है ओबीसी महासभा मांग करती है की 27त्न आरक्षण को तत्काल लागू किया जावे न्यायालय के निर्णय को आधार बनाकर शीघ्र रोजगार प्रदान कर ओबीसी के अधिकारों की रक्षा की जावे। जातिगत जनगणना एवं सामाजिक न्याय में हिस्सेदारी से सामाजिक समरसता एवं समानता सुनिश्चित करने जातिगत जनगणना हो। यह जनगणना सभी वर्ग की सामाजिक आर्थिक स्थिति को स्पष्ट करेगी न्याय संगत नीतियों के निर्धारण में सहायक होगी न्यायपालिका कार्यपालिका विधायिका निजी क्षेत्र वित्तीय बजट सभी क्षेत्रों में आबादी के हिसाब से प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जावे। पिछड़ा वर्ग के संवैधानिक अधिकारों को नवमी अनुसूची में शामिल किया जावे।

पिछड़ा वर्ग द्वारा मंदिरों को दान की गई भूमि दान कर्ता के परिवार को लौटाई जावे। प्रदेश के ग्राम सचिवालय तक प्रमुख प्रशासनिक पदों पर 50त्न कर्मचारियों अधिकारियों को ओबीसी वर्ग के पदस्थ किया जावे। सभी शासकीय और प्राइवेट स्कूल के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाए जावे । प्रदेश शासन उपरोक्त मांगों पर त्वरित कार्यवाही करें जिससे पिछड़े वर्गों की हितों की रक्षा हो सके ।

## पैशन द्वारा युगलगीतों की शाम आज

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। वेलेन्टाइन डे के अवसर पर पैशन के तत्वावधान में मोहब्बत भरे फिल्मी युगल गीतों का आयोजन 14 फरवरी 2025 को शाम 7 बजे से शहीद स्मारक सभागार में किया गया है। पैशन के संस्थापक संगीतकार मनोहर सोनी ने बताया कि समारोह में शहीद स्मारक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की सहभागिता है। मुहब्बत दिल का सुकून शीर्षक से आयोजित सांगीतिक शाम में प्यार भरे युगल गीतों की प्रस्तुति होगी। कलाकार सलिल तिवारी, चंदू गावन्डे, डॉ.अनिल वाजपेयी, अतुल तिवारी, कमलकांत उपाध्याय, प्रवीण डोंगरे, अनुज श्रीवास्तव, प्रशांत सोनी, मनीष श्रीवास्तव, रीना ज्योतिषी, सारिका विश्वकर्मा, भक्ति बाबरिया,रुचिरा श्रीवास्तव, तृप्ति मिश्रा, रचना श्रीवास्तव,वर्षा यादव, प्रीति मंडल, सत्यमी एवं मनोहर सोनी फिल्मी युगल गीतों को प्रस्तुत करेंगे। पैशन ने कलाप्रेमियों से उपस्थिति कर आग्रह किया है।

**पश्चिम विधानसभा भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत**

## जगतगुरु के पट्टाभिषेक के बाद प्रथम संस्कारधानी आगमन पर स्वामी डॉ नरसिंहदेवाचार्य महाराज का हुआ भव्य स्वागत

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नरसिंह पीठाधीश्वर अनंत श्री विभूषित जगतगुरु रामरंगी द्वाराचार्य स्वामी डॉ नरसिंहदेवाचार्य महाराज का प्रयागराज महाकुंभ में जगतगुरु के पद पट्टाभिषेक होने के बाद प्रथम जबलपुर संस्कारधानी आगमन पर भारतीय जनता पार्टी पश्चिम विधानसभा के कार्यकताओं द्वारा विधानसभा कार्यालय नागपाल गार्डन मदनमहल के सामने नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर, श्री लेखराज सिंह मुन्ना, नगर निगम अध्यक्ष रिंकूज विज के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर अभय सिंह ठाकुर, कौशल सूरी, योगेंद्र सिंह, रूपा राव, संजय नहातकर, मंडल अध्यक्ष प्रशांत दुबे, संतोष यादव, शैलेंद्र विश्वकर्मा, प्रणय गुप्ता, नरेश पटेल, सोनू बचवानी, संजय तिवारी, श्रीराम पटेल, दिनेश सिंगरोल, मालती चौधरी, शारदा कुशवाहा, राहुल साहू, जितेंद्र कटारे, निशा संजय राठौर के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## समरसता सेवा संगठन ने मंच लगाकर किया भव्य स्वागत

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर नरसिंह पीठाधीश्वर अनंत श्री विभूषित जगतगुरु रामरंगी द्वाराचार्य स्वामी डॉ नरसिंहदेवाचार्य महाराज का प्रयागराज महाकुंभ में जगतगुरु के पद पट्टाभिषेक होने के बाद प्रथम जबलपुर संस्कारधानी आगमन पर समरसता सेवा संगठन ने अध्यक्ष श्री संदीप जैन के नेतृत्व में कान्हा लेक व्यू सूपाताल में महाराज जी का पूजन एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर अनंत डिके, प्रकाश विसपुते, संजय गोस्वामी, गंगाचरण मिश्रा, उज्वल पचौरी, राजीव राठौर, राजेश ठाकुर, विक्रम परवार, गुड्डू पटेल, शिवरतन पटेल, महेंद्र रघुवंशी, सुरेश पांडे, विनीत यादव, राहुल दुबे, अभिषेक तिवारी, रवि शर्मा, सुरेंद्र शर्मा आदि उपस्थित थे।

## ट्रेनों में चेन पुलिंग के विरुद्ध रेलवे में उठाये जा रहे ठोस कदम

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेलवे सुरक्षा बल, पश्चिम मध्य रेलवे ने सभी यात्रियों से अपील की है कि वे ट्रेन यात्रा के दौरानअलार्म चेन पुलिंगसे बचें। इससे यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों के लिए समस्याएँ उत्पन्न होने के साथ रेल परिचालन में भी व्यवधान उत्पन्न होता है। अलार्म चेन पुलिंग की अवैध और असुरक्षित आदत के खिलाफ रेलवे सुरक्षा बल, पश्चिम मध?य रेलवे द्वारा ठोस कदम उठाये जा रहे है, ताकि सभी यात्रियों की यात्रा सुरक्षित और आरामदायक हो सके।

अलार्म चेन पुलिंग के नकारात्मक प्रभाव–

? सुरक्षा पर खतरा–अलार्म चेन पुलिंग से ट्रेन की गति अचानक रुक जाती है, जो कि किसी दुर्घटना का कारण बन सकता है।

? यात्रियों के लिए असुविधा–इससे ट्रेन का समय बाधित होता है, जिससे अन्य यात्रियों को देरी हो सकती है।

? आर्थिक नुकसान–रेलवे को समय में विलंब और संचालन में रुकावट के कारण आर्थिक नुकसान होता है।

आरपीएफ द्वारा ठोस कार्रवाई–

? कानूनी कार्यवाही–दोषी व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जा रही है, ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

? उचित दंड–भारतीय रेलवे के तहत ऐसे अपराधों कोरेलवे अधिनियम, 1989की धारा 141 के तहत दंडित किया जाएगा। इसके अंतर्गत, दोषी व्यक्ति को01 साल तक की सजा,1000 रुपये तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं।

रेलवे अधिनियम की धारा 141 के तहत पश्चिम मध्य रेलवे, आरपीएफ द्वारा वर्ष 2024 में कुल 10,391 मामले दर्ज कर न?यायालय के माध?यम से 40,01,708/- रूपये का जुर्माना एवं वर्ष 2025, 11 फरवरी तक 1133 मामले दर्ज कर न?यायालय के माध?यम से 2,31,915/- रूपये का जुर्माना वसूल किया गया।

जागरूकता अभियान–

? यात्रियों को मार्गदर्शन–आरपीएफ यात्रियों को इसके नकारात्मक प्रभावों के बारे में जागरूक कर रही है, ताकि वे इस आदत से बचें और सुरक्षा में सहयोग करें। रेलवे सुरक्षा बल, पश्चिम मध्य रेलवे ने सभी यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे ट्रेन यात्रा के दौरान केवल आपातकालीन स्थिति में ही अलार्म चेन का प्रयोग करें। इसका अनुचित उपयोग न केवल आपकी यात्रा, बल्कि अन्य यात्रियों की यात्रा को भी प्रभावित करता है। रेलवे के सुरक्षा प्रयासों में सहयोग करें और एक सुरक्षित यात्रा का हिस्सा बनें।

## जबलपुर से होते हुए कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन सेवाओं का संचालन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। यात्रियों की सुविधा हेतु प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ-2025 के अवसर पर अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। ये स्पेशल ट्रेनें पश्चिम मध्य रेल के स्टेशनों से भी गुजर रही है, जिसका विवरण इस प्रकार है–

1) मैसूर-लखनऊ एक तरफ़ा कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन

गाड़ी संख्या 06221 मैसूर-लखनऊ कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन शुक्रवार 14 फरवरी 2025 को मैसूर स्टेशन से सुबह 07:30 बजे प्रस्थान कर रास्ते में इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन सायं 16:00 बजे लखनऊ स्टेशन पहुंचेगी। (1 सेवाएं)

ठहराव– मंड्या, केंगेरी, क्रान्तिवीर संगोल्लि रायाण्ण बेंगलुरु सिटी जंक्शन (बैंगलोर), यशवंतपुर जंक्शन, तुमकुर, अरसीकेरे जंक्शन, कडूर, चिकजाजूर जंक्शन, दावणगेरे, हरिहर, रानीबेन्नूर, हावेरी, श्री सिद्धरूधा स्वामी (हुबली) जंक्शन, धारवाड़, लोन्डा जंक्शन, खानापुर, बेलगावी, गोकाक रोड, घाटप्रभा, रायबाग, कुदाची, मिराज जंक्शन, सांगली, कराड, पुणे जंक्शन, दौंड कॉर्ड लाइन, मनमाड जंक्शन, भुसावल जंक्शन, इटारसी जंक्शन, जबलपुर, कटनी जंक्शन, सतना जंक्शन, प्रयागराज छिवकी और वाराणसी।

संरचना– 1 वातानुकूलित 3-टियर, 8 शयनयान श्रेणी, 10 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन। 2) मैसूर-टुंडला-मैसूर कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 06217 मैसूर-टुंडला कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन सोमवार 17 फरवरी 2025 को मैसूर स्टेशन से रात्रि 21:40 बजे प्रस्थान कर रास्ते में इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना एवं चौथे दिन मध्य रात्रि 02:05 बजे प्रयागराज एवं सुबह 09:30 बजे टुंडला स्टेशन पहुंचेगी। (1 सेवाएं)

गाड़ी संख्या 06218 टुंडला-मैसूर कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन शुक्रवार 21 फरवरी 2025 को सुबह 11:30 बजे टुंडला स्टेशन से प्रस्थान कर, उसी दिन रात 20.20 बजे प्रयागराज, अगले दिन सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन रात्रि 22:00 बजे मैसूर स्टेशन पहुंचेगी। (1 सेवाएं)

ठहराव– मंड्या, रामनगरम, केंगेरी, क्रान्तिवीर संगोल्लि रायाण्ण बेंगलुरु सिटी जंक्शन (बैंगलोर), यशवंतपुर जंक्शन, तुमकुर, अरसीकेरे जंक्शन, कडूर, चिकजाजूर जंक्शन, दावणगेरे, हरिहर, रानीबेन्नूर, हावेरी, श्री सिद्धरूधा स्वामी (हुबली) जंक्शन, धारवाड़, अलनावर जंक्शन, लोन्डा जंक्शन, खानापुर, बेलगावी, गोकाक रोड, घाटप्रभा, रायबाग, कुदाची, मिराज जंक्शन, पुणे जंक्शन, दौंड कॉर्ड लाइन, मनमाड जंक्शन, भुसावल जंक्शन, इटारसी जंक्शन, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज जंक्शन, फतेहपुर, गोविंदपुरी और इटावा जंक्शन। संरचना– दो वातानुकूलित 1 कम 2-टियर, एक वातानुकूलित 2-टियर, दो वातानुकूलित 2 कम 3-टियर, 9 वातानुकूलित 3-टियर, 4 शयनयान श्रेणी और 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन। 3) वलसाड-दानापुर-वलसाड कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन 09019 वलसाड-दानापुर कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन रविवार 23 फरवरी 2025 को वलसाड से सुबह 08:40 बजे प्रस्थान कर रास्ते में इटारसी, अगले दिन जबलपुर, कटनी, सतना होते हुए एवं सुबह 10:25 बजे प्रयागराज छिवकी और सायं 18:00 बजे दानापुर पहुंचेगी। (1 सेवाएं) 09020 दानापुर-वलसाड कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन सोमवार 24 फरवरी 2025 को दानापुर से रात्रि 23:30 बजे प्रस्थान कर और अगले दिन प्रातः 05:50 बजे प्रयागराज छिवकी और तीसरे दिन सुबह 09:30 बजे वलसाड पहुंचेगी। (1 सेवाएं) ठहराव– नवसारी, भेस्तान, नंदुरबार, आमलनेर, भुसावल जंक्शन, खंडवा, इटारसी जंक्शन, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार, दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा जंक्शन । संरचना– एक वातानुकूलित 2-टियर, 5 वातानुकूलित 3-टियर, 14 शयनयान श्रेणी, दो सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन। यात्री मेला स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी रेल मदद 139 अथवा एनटीईएस ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते है।



भोपाल-सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता के संदेश को आत्मसात कर अपने कार्य क्षेत्र को भी स्वच्छ बनायें। स्वच्छता से ही सकारात्मकता का संचार होता है। जिस प्रकार हम घर और घर के आसपास स्वच्छता रखते हैं, उसी प्रकार अपने कार्यस्थल पर साफ-सफाई के लिये हर माह एक नियत तारीख पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। मंत्री श्री सारंग ने गुरुवार को अपेक्स बैंक मुख्यालय परिसर में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई कर अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के तहत चलाये जा रहे स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता अभियान की शुरूआत की।

**समाज में उद्योपतियों का महत्वपूर्ण स्थान-मध्यप्रदेश की उद्योग एवं निवेश-नीतियां निवेश के लिए फ्रेंडली-अनेक देशों ने दिखाई मध्यप्रदेश में निवेश की रुचि-भारत तीसरी आर्थिक शक्ति बनने की ओर तेजी से अग्रसर**

# मध्यप्रदेश में हर सेक्टर में मौजूद है निवेश की अपार संभावनाएं- मुख्यमंत्री डॉ. यादव




भोपाल-(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में हर सेक्टर में निवेश की अपार संभावनाएं मौजूद है। यहां नर्मदा, ताप्ती आदि नदियों की अपार जल राशि है, निरंतर बिजली उपलब्ध है, वन संपदा है, सड़कों, रेलवे और वायु मार्ग का अच्छा नेटवर्क है और उद्योगों को बड़ी रियायतें हैं। मुख्यमंत्री ने आगामी 24 एवं 25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में झीलों, पहाड़ों और वन संपदा से युक्त सुंदर भोपाल शहर में आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में अधिक से अधिक निवेश करें और इन तारीखों को अविस्मरणीय बनाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को नई दिल्ली में जीआईएस-2025 के कर्टेन रेजर कार्यक्रम में उद्योगपतियों को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे देश के चमत्कारी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की 5वीं अर्थव्यवस्था के बाद अब तीसरी आर्थिक शक्ति बनने की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा है। इस कार्य में निवेशकों का महत्वपूर्ण योगदान है। भारत प्राकृतिक संसाधनों के साथ मानव संसाधन में भी आगे है। हम उद्योगों को बढ़ाकर ही आगे बढ़ सकते हैं। हमारे प्रधानमंत्री श्री मोदी विश्व भर का भ्रमण कर भारत की प्रगति के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में पूरी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की उद्योग एवं निवेश नीति निवेशकों के लिए बहुत फ्रेंडली है। हम स्टार्ट-अप्स को विशेष महत्व दे रहे हैं। उद्योगों में विभिन्न प्रकार की रियासतों के साथ ही इस बात का सर्वाधिक ध्यान रखा जाता है कि उनके सारे काम समय से हो जाएं। मध्यप्रदेश में जमीन दिल्ली की तुलना में एक बटे 40 गुना और मुंबई की तुलना में एक बटे 100 गुना सस्ती है। मध्यप्रदेश में सभी सेक्टर में विशेष रूप से टेक्सटाइल के क्षेत्र में निवेश की असीमित संभावना है। हम टेक्सटाइल्स पर 200 प्रतिशत इंसेंटिव देते हैं, हमारा कॉटन उच्च गुणवत्ता का है। मेरी जापान यात्रा के दौरान यूनिक्लो कंपनी के मलिक ने भी इस बात का उल्लेख किया था।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक समय लोग उद्योगपतियों से मिलने में झिझक महसूस करते थे, लेकिन हमने उस धारणा को बदला है। हम निरंतर उद्योगपतियों, निवेशकों से संवाद कर रहे हैं। प्रदेश में छोटे-छोटे स्थान पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित की गई हैं। समाज में उद्योगपतियों का महत्वपूर्ण स्थान है। उद्योगों से रोजगार उत्पन्न होते हैं और रोजगार से लोगों की आजीविका चलती है। वे एक तरह से उद्योगपति समाज के पालक हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज दुनिया कह रही है कि हम बुद्ध के रास्ते पर चलकर युद्ध से विमुक्त होंगे। महात्मा बुद्ध हमारे ही देश के थे। भारत ने ही सारे विश्व को शांति और सर्व कल्याण का संदेश दिया है। हम शांति और विकास के पक्षधर हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जीआईएस-2025 के दिल्ली में इन्वेस्ट एम.पी. कर्टेन रेजर कार्यक्रम में कहा कि भोपाल में 24-25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का कर्टेन रेज़र केवल एक औपचारिक कार्यक्रम न होकर संभावनाओं से भरपूर, सशक्त और समृद्ध मध्यप्रदेश की एक झलक थी। हमारे निवेश के 3डी मॉडल को आज दुनिया भर के उद्योग जगत ने सराहा है। यह मॉडल निवेशकों की ड्राइव, प्रदेश के डेवलपमेंट और हमारी डिटरमिनेशन का प्रतीक है। हम निवेशकों के साथ एक मजबूत साझेदारी बनाकर मध्यप्रदेश को नवाचार और औद्योगिक क्रांति का केंद्र बनाने की दिशा में निरंतर कार्यरत रहेंगे। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि मध्यप्रदेश आगे बढ़ते हुए एक इंडस्ट्री रेडी स्टेट बन रहा है। हमने सभी सेक्टर के उद्योगपतियों को आमंत्रित किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि आयोजन में 400 से अधिक प्रतिभागियों ने भागीदारी की जिसमें नई दिल्ली एवं आसपास के क्षेत्रों के निवेशक शामिल हुए। साथ ही 40 देशों के राजनयिक और व्यापारिक प्रतिनिधि, राजदूत, उच्चायुक्त, काउंसलर, मुख्य सचिव आर्थिक व व्यापारिक विशेषज्ञ आदि शामिल हुए। आयोजन में 15 से अधिक प्रमुख उद्योगपतियों से वन- टू-वन मीटिंग की गई जिसमे से श्री जागृत कोटेचा (सीईओ, पेप्सिको भारत और दक्षिण एशिया), श्री पुनित डालमिया (चेयरमैन, डालमिया भारत), श्री माधवकृष्ण सिंघानिया (जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, जेके सीमेंट), श्री विनीत मित्तल (चेयरमैन, अवाडा ग्रुप), श्री जीन-मार्क लेक्लरक्यू (सीईओ, सॉफलेट माल्ट), श्री रिकान्त पिट्टी (संस्थापक, ईज माय ट्रिप), श्री विनय व्यास (सीईओ, फ्यूजन एक्स एनर्जी), श्री अनिल चालमालासेटी (ग्रुप सीईओ और एमडी, ग्रीनको ग्रुप), श्री विनीत आर्य (वाइस चेयरमैन, जेबीएम समूह), श्री राहुल मित्तल (चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, ऋङ्कञ्चश्वस्र) और सुश्री अनुसूया रे (वाइस प्रेसिडेंट कॉर्पोरेट अफेयर्स, ऐबी-इनवेव इंडिया) शामिल थे। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के कर्टन-रेज़र कार्यक्रम में विभिन्न देशों के राजदूतों ने मध्यप्रदेश को संभावनाओं से भरपूर निवेश गंतव्य बताते हुए विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की इच्छा जताई। ऑस्ट्रेलिया के राजदूत ने शिक्षा, कृषि और कौशल विकास में सहयोग को प्राथमिकता देने की बात कही, जबकि मैक्सिको के राजदूत ने प्रदेश की नीतियों की सराहना करते हुए निवेश संभावनाओं पर सकारात्मक रुख प्रकट किया। अलबानिया के राजदूत ने शहरी नियोजन के क्षेत्र में अपनी रुचि व्यक्त की, वहीं जिम्बाब्वे के राजदूत ने कृषि क्षेत्र में साझेदारी को लेकर उत्साह दिखाया। स्लोवेनिया के राजदूत ने पर्यटन क्षेत्र में निवेश और सहयोग की संभावनाओं को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की।

## सौरभ शर्मा, चेतन सिंह, शरद जायसवाल की ईडी को मिली 7 दिन की रिमांड, 17 फरवरी तक होगी पूछताछ, क्या अब खुलेगा राज ?

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के पूर्व आरटीओ कांस्टेबल सौरभ शर्मा और उसके सहयोगियों को कोर्ट ने 17 फरवरी तक ईडी की रिमांड पर सौंप दिया है। ईडी ने 7 दिन की रिमांड मांगी थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए अपना फैसला सुनाया है। ईडी अब तीनों ही आरोपियों से 52 किलो सोना, 11 करोड़ रुपए कैश समेत अन्य करोड़ों रुपए की संपत्ति के मामले में पूछताछ करेगी। इससे पहले कोर्ट ने ईडी के आवेदन पर तीनों को न्यायालय में पेश करने के लिए जेल पुलिस को आदेश दिए थे।

परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके सहयोगियों चेतन सिंह गौर तथा शरद जायसवाल के खिलाफविशेष न्यायाधीश ईडी संतोष कुमार कोल की अदालत में ईडी ने याचिका लगाकर प्रोटेक्शन वारंट मांगा था। इसके बाद कोर्ट ने केंद्रीय जेल के अधीक्षक को तीनों ही आरोपियों को मंगलवार को कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया।

सौरभ शर्मा मामले की जांच तीन अलग-अलग विभाग की टीमें कर रही हैं। एक लोकायुक्त, दूसरी ईडी और तीसरी आयकर विभाग की टीम है। पिछली बार कोर्ट में पेश किए गए सौरभ शर्मा और उसके साथियों को अदालत ने 17 फरवरी तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

### भोपाल में दो-तीन दिन ठंड से थोड़ी राहत, फिर एक और दौर आएगा, पढ़ें मौसम विभाग का ताजा अपडेट

भोपाल (आरएनएस)। भोपाल सहित प्रदेश भर का मौसम रविवार को ठंडा-गरम रहा। दिन के तापमान में हल्का उछाल देखने को मिला, लेकिन रात का पारा एक बार फिर गिरता नजर आया। जम्मू-कश्मीर से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण भोपाल सहित प्रदेश के मौसम में अचानक बदलाव आया है। मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार और रविवार की रात प्रदेश के अधिकतर शहरों के न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई। जबलपुर, इंदौर और शहडोल संभाग के जिलों का न्यूनतम तापमान सामान्य से काफी कम रहा। मौसम विभाग ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में यह बदलाव देखा गया है।

## गौवन्य विहार में समुचित पानी और बिजली की निर्बाध आपूर्ति व्यवस्था करें- उप मुख्यमंत्री शुक्ल

भोपाल-(आरएनएस)उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा के बसामन मामा गौवन्य विहार अभ्यारण्य में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने गाय को गुड़ चना खिलाकर गौसेवा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वन्य विहार में बिजली की निर्बाध आपूर्ति की व्यवस्था करें। नये विद्युत सबस्टेशन के निर्माण तक बसामन मामा मंदिर के पास के फीडर से कनेक्शन करायें। गौशाला से जुड़ी 17 एकड़ जमीन पर दो गौशाला शेड का इस तरह निर्माण करें की बाउन्ड्रीबाल बनाने की आवश्यकता न रहे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बसामन मामा गौवन्य विहार के निर्माण कार्यों की वृहद समीक्षा की।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने नाले में दो स्टापडैम सह रपटा निर्माण का स्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिये। स्टापडैमों के निर्माण से गौशाला में पानी की व्यवस्था के साथ चारागाह विकास की भी सुविधा मिलेगी। उन्होंने माइक्रो सिंचाई परियोजना से पूर्वा तालाब तथा क्षेत्र के अन्य तालाबों में पानी भरने की व्यवस्था करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। उप मुख्यमंत्री ने पानी पीने के लिए हौज तथा चारा चारागाह की बाउन्ड्रीबाल का निर्माण तत्काल शुरू कराने के लिये कहा। कार्यपालन यंत्री पीएचई दोनों सम्पवेल में 7 दिवस में पानी भरने की व्यवस्था करें।

उप मुख्यमंत्री ने बैठक में वनमंडलाधिकारी को गायों के चरने के वन क्षेत्र में पानी की व्यवस्था करने तथा विभागीय प्लांटेशन में गौशाला की खाद के उपयोग के निर्देश दिए। बैठक में उप संचालक पशु पालन डॉ. राजेश मिश्रा ने बसामन मामा गौ-अभ्यारण्य के कार्यों की जानकारी दी।

उप मुख्यमंत्री ने गौशाला में प्रस्तावित श्री राधा कृष्ण गौ मंदिर के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया एवं निर्माण कार्य तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रातः गौअभ्यारण्य का भ्रमण किया तथा नवजात बछड़े को गोद में उठाकर दुलार किया। पूर्व विधायक श्री केपी त्रिपाठी, स्थानीय जन प्रतिनिधिगण तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## रेडक्रॉस भवन को आरएसएस के अनुसांगिक संगठन सेवा भारती को सौंपा जाना नियमविरुद्धः जीतू पटवारी

भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भारतीय रेडक्रास सोसाइटी, मध्य प्रदेश राज्य शाखा द्वारा इतवारा रोड स्थित रेडक्रास भवन को सेवा भारती को सौंपे जाने के निर्णय पर आपत्ति जाहिर करते हुये है कि कांग्रेस सरकारों में शुरू की गई संवैधानिक संस्थाओं और देश के संस्थागत ढांचे को भारतीय जनता पार्टी हमेशा से ही हड़पने का काम करती रही है। इसका ताजा उदाहरण राजधानी भोपाल के इतवारा रोड़ रेडक्रास भवन को नियमविरूद्ध तरीके से आरएसएस के अनुसांगिक संगठन सेवा भारती को सौंपा जाना है।

पटवारी ने कहा कि यह भवन कांग्रेस सरकार के दौरान रेडक्रास सोसायटी को दिया गया था, जो मूलत: सरकार की संपत्ति है और किसी राजनैतिक संगठन को इसे दिया जाना नियमों के विरूद्ध है। उन्होंने कहा कि पूर्व शिक्षा मंत्री मुकेश नायक द्वारा राजधानी भोपाल में रेडक्रास अस्पताल का शुभारंभ एक डाक्टर के साथ कराया गया था जब नायक ने इस संस्था को छोड़ा तक उसमें 70 डाक्टर कार्यरत थे और राजधानी के अधिकांश मरीज इस संस्था में अपना इलाज सुलभ और सस्ती दरों पर कराने के लिए आते थे। इतना ही नहीं नायक के कार्यकाल में दूसरा अस्पताल सिद्धांता रेडक्रास नाम से बना जो मप्र का नंबर वन अस्पताल के रूप में विख्यात है।



पटवारी ने कहा कि जब नायक ने इन दोनों संस्थाओं को छोड़ा तक संस्था के नाम से 8 करोड़ की एफडी कराकर गये थे और उनके जाते ही अब वर्तमान में जो इस संस्था को संचालित कर रहे हैं उनके द्वारा एफडी को तोड़ दिया गया और अब मात्र कुछ लाख रूपये ही संस्था के बैंक में बचे हुये हैं। इसी एफडी की राशि से संस्था के सचिव ने अपनी सुविधाओं को बढ़ाने के लिए संस्था की राशि से एक नई इनोवा कर भी खरीद ली है।

जीतू पटवारी ने कहा कि मानवीय सेवा और आपदा नियंत्रण के लिए बनी इस रेडक्रास संस्था पर आरएसएस ने कब्जा जमा लिया है और इस संस्था का उपयोग अपने निजी स्वार्थों और सुविधाओं के लिए किया जा रहा है जो अमर्यादित और नियम विरूद्व है। इतना ही नहीं श्री नायक द्वारा पूर्व में सभी सुविधाओं से सुसज्जित किये गये रेडक्रास में अब सोनोग्राफी, डायलिसिस, इनडोस्कापी, हार्ट का ईको जैसी सुविधाएं बंद कर दी गई है और टीएनटी टेस्ट भी बंद कर दिये गये हैं। दुर्भाग्यजनक है कि रेडक्रास द्वारा संचालित दवाईयों की दुकान संस्था के सचिव स्वयं चला रहे हैं।

पटवारी ने कहा कि रेडक्रास संस्था ने सेंट्रल इंडिया का सबसे अच्छा ब्लड बैंक बनाया था, जहां मरीजों के लिए ब्लड आसानी से उपलब्ध हो जाता था, लेकिन अब इस ब्लड बैंक को बाजार का हिस्सा बना दिया गया है जो मरीजों के साथ खिलवाड़ है। रेडक्रास एक अंतरराष्ट्रीय और गैर-राजनीतिक संगठन है, जिसका उद्देश्य तटस्थ और निष्पक्ष रूप से मानव सेवा करना है। भवन को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े संगठन सेवा भारती को सौंपना, जनहित के नाम पर सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग करने का जीवंत उदाहरण है। जनहितैषी संस्थाओं को राजनीतिक हितों के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। यह फैसला प्रदेश के नागरिकों के लिए बेहद चिंता का विषय है।

पटवारी ने सवाल किया कि खाली पड़े इस भवन का उपयोग करने के लिए किसी गैर-राजनीतिक संगठनों को क्यों नहीं चुना गया, क्या यह निर्णय सरकारी दबाव में लिया गया है।

उन्होंने कहा कि रेडक्रास भवन को सेवा भारती को दिये जाने के फैसले पर पुनर्विचार किया जाए और भवन का उपयोग वास्तव में तटस्थ और निष्पक्ष जनहितैषी संगठनों के लिए किया जाये। यह भवन सभी समुदायों के लिए समान रूप से उपयोगी होना चाहिए, न कि किसी विशेष विचारधारा का प्रचार करने का माध्यम बनना चाहिए।

पटवारी ने कहा कि सरकार का यह निर्णय समाजसेवा के नाम पर एक खास विचारधारा और एजेंडे को बढ़ावा देने का कुत्सित प्रयास है। आरएसएस सरसंघचालक को पत्र लिखकर रेडक्रास को आरएसएस के अनुसांगिक संगठन सेवा भारती को सौंपे जाने और रेडक्रास जैसी संस्था में किये जा रहे निर्लज्जतापूर्वक भ्रष्टाचार से अवगत कराया जायेगा।

## ग्वालियर पहुंचे अमेरिका के काउंसिल जनरल, औद्योगिक निवेश पर पदाधिकारियों से की चर्चा, शहर की खूबियां सुनकर हुए प्रभावित

ग्वालियर (आरएनएस)। अमेरिका के काउंसिल जनरल माइक हैंकी संगीतधानी ग्वालियर के प्रवास पर पहुंचे. उन्होंने कलेक्टर रुचिका चौहान से मुलाकात की. इसके बाद अंचल में औद्योगिक निवेश पर चर्चा करने चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंड्रस्टीज पहुंचे. जहां उन्होंने चेंबर के पदाधिकारियों के साथ करीब एक घंटे चर्चा की. रीजनल इंड्रस्टीज कॉन्क्लेव की सक्सेज के बाद ग्वालियर के औद्योगिक वैभव और अन्य खूबियों से प्रभावित होकर माइक हैंकी ग्वालियर पहुंचे. औद्योगिक निवेश की संभावनाएं तलाशने आए अमेरिकन काउंसिल जनरल माइक हैंकी ने चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के पदाधिकारियों से लंबी चर्चा की. मुंबई स्थित संयुक्त राज्य अमेरिका के वाणिज्यिक दूतावास में पदस्थ माइक हैंकी ने डिफेंस, पैदावार सहित अन्य क्षेत्र में निवेश की बेहतर संभावना को जाहिर भी किया. अमेरिका के काउंसिल जनरल माइक हैंकी कलेक्ट्रेट पहुंचे. कलेक्टर रुचिका चौहान ने बैंबू प्लांट भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया. साथ ही ग्वालियर के औद्योगिक वैभव और अन्य खूबियों से भी अवगत कराया. कलेक्टर ने काउंसलर जनरल हैंकी को ग्वालियर की विशेषताएं बताते हुए कहा कि ऐतिहासिक नगरी ग्वालियर संगीत, कला स्थापत्य के साथ-साथ औद्योगिक और आर्थिक रूप से भी समृद्ध रही

## आईटी और प्रौद्योगिकी में अग्रणी मध्यप्रदेश करेगा भारत के डिजिटल भविष्य का निर्माण

भोपाल (आरएनएस)।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है किआईटी और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मध्यप्रदेश देश में सबसे तेजी से आगे बढ़ता हुआ राज्य बनने की ओर अग्रसर है, जिसे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से नई ऊर्जा मिलेगी। इस सेक्टर के लिए समिट में अलग से सत्र आयोजित होगा। मध्यप्रेदश में 15 से अधिक आईटी पार्क और 5 आईटी एसईजेड हैं, जिनमें इंदौर में क्रिस्टल आईटी पार्क और इंफोसिस जैसे प्रमुख सेंटर शामिल हैं। ये पार्क विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर से युक्त हैं, जो टीसीएस, इंफोसिस और एक्सेंचर जैसी प्रमुख कंपनियों को आकर्षित करते हैं। नॉलेज सिटी और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर 2.0 जैसी आगामी परियोजनाएं, इस इको सिस्टम को और मजबूत करने के लिए तैयार हैं।

परिवर्तन के दौर से गुजर रहे देश के तकनीकी इको सिस्टम के विकास के अगले केन्द्र टीयर-2 शहर हैं, जो टेक इनोवेशन और निवेश के नए हॉटस्पॉट बनते जा रहे हैं। इसकी वजह है यहां कम परिचालन लागत, उच्च जीवन स्तर और कुशल प्रतिभा पूल की उपलब्धता। टीयर-2 शहर अब तकनीकी कंपनियों की पसंद बनते जा रहे हैं। खास बात है कि मध्यप्रदेश इंफ्रास्ट्रक्चर, टेलेंट और लागत-दक्षता प्रदान करने वाला अग्रणी राज्य है।

मध्यप्रदेश का व्यापक आईटी, आईटीईएस और सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। विश्व स्तरीय आईटी पार्क, नॉलेज और सॉफ्टवेयर हब के साथ सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर विकसित करने से निश्चित रूप से मध्यप्रदेश तकनीकी क्रांति की अगली लहर का नेतृत्व करेगा। मध्यप्रदेश की विशेषता है कि 300 से अधिक तकनीकी शिक्षा संस्थान सालाना 50 हजार से अधिक तकनीकी स्नातक तैयार करते हैं। आईआईटी इंदौर, आईआईएम इंदौर और आईआईआईटी ग्वालियर जैसे प्रतिष्ठित संस्थान अत्यधिक कुशल युवाओं को गढ़ते हैं। भोपाल में ग्लोबल स्किल पार्क उद्योग के लिए कौशल संपन्न पेशेवर तैयार करता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की प्रगतिशील नीतियां और इनोवेशन को बढ़ावा देने और तकनीक के क्षेत्र में विश्वस्तरीय दिग्गज कंपनियों को आकर्षित करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं।

## लव जिहाद पर हाईवोल्टेज ड्रामाः हिंदू लड़की को लेकर कोर्ट पहुंचा मुस्लिम युवक, पीछे से पहुंचे हिंदू संगठन, और फिर..?

भोपाल (आरएनएस)। हिंदू लड़की को लेकर कोर्ट पहुंचा मुस्लिम युवक, पीछे से पहुंचे हिंदू संगठन, और फिर..? मध्यप्रदेश की राजधानी में एक बार फिर लव जिहाद का मामला सामने आया है। इस मामले में एक मुस्लिम युवक और एक हिंदू लड़की कोर्ट मैरिज करने के इरादे से भोपाल कोर्ट पहुंचे, लेकिन हिंदू संगठनों ने इसकी भनक लगते ही युवक को कोर्ट परिसर में ही पीट दिया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें युवक की पिटाई होते हुए देखा जा सकता है।अपनों के लिए सबसे अच्छे उपहार

-क्या है मामला?

मामला भोपाल कोर्ट का है, जहां एक मुस्लिम युवक और एक हिंदू लड़की कोर्ट मैरिज करने के लिए पहुंचे। युवक नरसिंहपुर का रहने वाला है और वह युवती से शादी करने के लिए भोपाल आया था। दोनों ने कोर्ट मैरिज की प्रोसेस शुरू कर दी थी, लेकिन इसकी जानकारी हिंदू संगठनों को हो गई। संगठन के कार्यकर्ता भी कोर्ट परिसर में पहुंच गए और युवक से बहस करने लगे।

-हिंदू संगठनों ने युवक को बताया लवजिहाद का आरोपी

हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने युवक से उसके इरादों के बारे में सवाल किए और उसे लव जिहाद का आरोपी बताया। इसके बाद संगठन के कार्यकर्ताओं ने युवक को जमकर पीटा। पिटाई का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कोर्ट परिसर के अंदर हिंदू संगठन के लोग युवक को पीटते हुए दिखाई दे रहे हैं।

-क्या है लव जिहाद का मतलब?

लव जिहाद दो शब्दों से मिलकर बना है ङ्क लव और जिहाद। लव अंग्रेजी भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ प्रेम, इश्क या मोहब्बत होता है। वहीं, जिहाद अरबी भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ धर्म की रक्षा के लिए संघर्ष या प्रयास करना होता है।

लव जिहाद का अर्थ यह माना जाता है कि जब किसी विशेष धर्म का व्यक्ति दूसरे धर्म की लड़कियों को प्रेम जाल में फंसाकर, किसी प्रकार का प्रलोभन देकर या विवाह के जरिए उनका धर्म परिवर्तन करवाने की कोशिश करता है, तो इस प्रक्रिया को लव जिहाद कहा जाता है।अपनों के लिए सबसे अच्छे उपहार

-हिंदू संगठन ने दर्ज कराई शिकायत

संस्कृति बचाओ मंच और हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने युवक पर लव जिहाद का आरोप लगाया है। संस्कृति बचाओ मंच के अध्यक्ष, चंद्रशेखर तिवारी ने कहा कि, मुस्लिम युवक, बहलाफुसलाकर हिंदू लड़की को भोपाल लाया था। लड़के के फोन में कई हिंदू लड़की की तस्वीरें और नंबर भी मिले हैं। उसने लड़की पर दबाव बनाया और फिर कोर्ट मैरिज करने के लिए मनाया। हिन्दू संगठनों ने पुलिस से मांग की है कि शहजाद अहमद पर रेप और लव जिहाद की धाराओं के तहत कार्रवाई की जाए।

-लड़की बोली- मैं उससे प्यार करती हूं

उधर लड़की ने इस पूरे मामले में लड़के के पक्ष में बयान दिया है। लड़की का कहना है कि, मैं उस लड़के को चाहती हूं, इसलिए उससे शादी करने के लिए भोपाल आई थी, लड़के ने मुझे जरा भी डराया या धमकाया नहीं है, मैं अपनी मर्जी से यहां आई हूं। लड़की के मुताबिक, दोनों तीन साल से रिलेशनशिप में हैं।

यान दर्ज होने के बाद लेंगे एक्शन

इस पूरे मामले में एसीपी अक्षय चौधरी का भी बयान सामने आया। उन्होंने कहा कि, फिलहाल हमने दोनों को पुलिस की कस्टडी में रखा है। युवती जो भी स्टेटमेंट देगी, उसी हिसाब से आगे की कार्रवाई की जाएगी।



भगवान श्रीगणेश को समर्पित होता है। इस दिन भगवान गणेश की पूजा का विशेष महत्व होता है। साथ ही गणेश जी की कृपा और आशीर्वाद पाने के लिए बुधवार का व्रत भी किया जाता है। बता दें कि भगवान गणेश की पूजा करने से जातक के आय, सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है और बिगड़े काम बनने लगते हैं। ऐसे में अगर आप भी जीवन में आने वाले दुखों और संकटों से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो बुधवार को सुबह स्नान आदि करने के बाद विधि-विधान से भगवान गणेश की पूजा करें। वहीं पूजा के दौरान श्रीगणेश को मोदक और दूर्वा जरूर अर्पित करें।



## किसी की भी नहीं सुनेंगे राहुल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी जब भी कुछ कहते हैं तो वह बहुत से लोगों को बहुत तरह से सोचने का मसाला भी दे देते हैं। कभी-कभी इतना अटपटा बोल देते हैं कि वह गैर कांग्रेसियों के बीच मजाक बन जाते हैं और फिर पूरी कांग्रेस को क्षतिपूर्ति के अनुष्ठान में लग जाना पड़ जाता है। चाहे उनका लोक सभा चुनाव के दौरान दिया गया शक्ति वाला बयान हो या हरियाणा चुनाव के दौरान दिया गया जलेबी के कारखाने वाला बयान हो। वह प्राय: अपने बयानों की गंभीरता को बनाए नहीं रख पाते। इस बार उन्होंने एक बार फिर अपनी पार्टी को कठघरे में खड़ा कर दिया है। दलित बुद्धिजीवियों के सम्मेलन में आमंत्रित वक्त के रूप में उन्होंने कहा कि जब तक दलित और पिछड़े कांग्रेस के साथ थे तब तक आरएसएस सत्ता से दूर रहा, लेकिन 1990 के बाद यानी नरसिंह राव के शासनकाल में कांग्रेस दलित और पिछड़ों को अपने साथ जोड़कर नहीं रख सकी। अब वह कांग्रेस की इस गलती को सुधारना चाहते हैं। दलित और पिछड़ों की भागीदारी बढ़ाने के लिए कांग्रेस के भीतर ही क्रांति करेंगे।

आशा यह है कि दलित-पिछड़ों को अपनी पार्टी में जगह देकर दलित-पिछड़े समूह को अपनी पार्टी से जोड़ेंगे और अपना खोया हुआ जनाधार फिर से प्राप्त करेंगे और उनके बल पर संघ और भाजपा को सत्ता से बाहर करेंगे। इसके लिए उन्होंने यह आशंका भी जताई है कि अपनी पार्टी में विरोध भी सहना पड़ सकता है लेकिन वह इस इरादे को पूरा करने के लिए किसी की भी नहीं सुनेंगे। यह हास्यास्पद स्थिति है कि कांग्रेस का शीषर्स्थ नेता एक नीतिगत प्रश्न को एक सामान्य बैठक में इस तरह से प्रस्तुत करे।

# आसान जिंदगी चाह ने बेइज्जती से डिपोर्ट होने किया मजबूर

बहुत बे-आबरू हो कर तिरे कूचे से हम निकले...गालिब के इस शेर से उन डिपोर्ट किए गए भारतीयों का दर्द समझा जा सकता है, जिन्हें अमरीका से भारत वापस भेजा गया है। अमेरिका से निर्वासित किए गए 100 से ज्यादा भारतीय प्रवासियों को लेकर अमेरिकी सैन्य विमान सी-17 ग्लोबमास्टर से वापस भारत भेजा गया है। इनमें 104 भारतीय शामिल हैं। जिसमें 72 पुरुष, 19 महिलाएं और 13 बच्चे हैं। अमरीका में करीब 18 हजार प्रवासी भारतीय अवैध रूप से रह रहे हैं। इन्हें भी वापस भारत भेजा जाएगा। डंकी मार कर अमरीका तक पहुंचे प्रवासी भारतीयों का काफी कुछ लुट गया। इनके लाखों रुपए बर्बाद हो गए और अमरीका बसने के सपने भी टूट गए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फ़ोन पर बातचीत में डोनाल्ड ट्रंप ने अवैध आप्रवासन का मुद्दा उठाया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फ़ोन पर बातचीत के दौरान अमेरिका में रह रहे अवैध भारतीय आप्रवासियों को लेकर चिंता जताई थी। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि हमें उम्मीद है कि बिना दस्तावेज़ के अमेरिका में रह रहे भारतीयों के संबंध में जो सही होगा भारत वो क़दम उठाएगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि भारत अवैध प्रवासन का समर्थन कतई नहीं करता। अवैध प्रवासन कई अवैध गतिविधियों से जुड़ा रहता है। ये हमारी प्रतिष्ठा के लिए ठीक नहीं है। जयशंकर ने कहा था कि अगर हमारा कोई नागरिक अमेरिका में अवैध रूप से रहता हुआ पाया जाता है और उसका भारत का नागरिक होना पाया जाता है तो हम उसके क़ानूनी रूप से भारत वापस लाने की प्रक्रिया के लिए तैयार हैं। बीते कुछ दिनों से अमेरिका दुनिया भर के देशों से आए और अमेरिका में रह रहे अवैध प्रवासियों को उनके देश भेजने की कार्रवाई कर रहा है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाले हैं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सबसे कठोर आप्रवासन नीति के मास्टरमाइंड स्टीफन मिलर। ट्रंप ने अपना दूसरा कार्यकाल जिस दिन संभाला, उसी दिन उन्होंने जिन कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए उन पर मिलर के हस्ताक्षर पहले से मौजूद थे। इन आदेशों में थे- जन्मसिद्ध नागरिकता को ख़त्म करना और दक्षिणी सीमा पर राष्ट्रीय इमरजेंसी घोषित करना। नीतिगत मामलों के डिप्टी डायरेक्टर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में मिलर ने ट्रंप के आप्रवासन एजेंडे को लागू करने के लिए कई कार्यकारी आदेशों का मसौदा तैयार करने की अगुवाई की। इसमें अवैध प्रवासियों के आने पर रोक और अमेरिकी धरती पर पहले से मौजूद रहने वालों को प्रत्यर्पित करने का वादा किया गया है। इन आदेशों में से एक है जन्म आधारित नागरिकता को ख़त्म करना। यह एक ऐसा क़दम है जो अमेरिकी संविधान के 14वें संशोधन में गारंटी दिए गए ऐतिहासिक अधिकार को नकारता है और इसे कोर्ट में चुनौती भी दी गई है। स्टीफन मिलर ट्रंपि म की सबसे कट्टर नीतियों के वास्तुकार ही नहीं हैं, बल्कि एक रणनीतिकार भी हैं, जिन्होंने इन्हें असरदार तरीक़े से लागू करने के दांवपेंच में महारत हासिल कर ली है। ऐसा बहुत कम होता है कि अमेरिका में रह रहे अवैध आप्रवासियों को वापस उनके देश भेजने के काम में सेना को लगाया जाए लेकिन ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में प्रवासियों को भेजने के मिशन में सेना का इस्तेमाल किया जा रहा है। दरअसल अमरीका में बसना एक ऐसा सपना है जिसे ज्यादातर लोग हकीकत में बदलना चाहते हैं, खासतौर पर अमरीकी जीवन शैली और सुविधाएं सभी को आकर्षित करती हैं। आकषर्ण का यही जाल मुसीबत का सौदा साबित होता है। जब वैध तरीके से अमरीका में प्रवेश नहीं मिलता तो डंकी रास्ते से घुसने की कोशिश की जाती है। बेरोजगारी की समस्या और खूब धन कमाकर अच्छी जिंदगी जीने की चाह कई भारतीय युवाओं को विदेश जाकर रोजगार तलाशने के लिए प्रेरित करती है।

आंकड़े बताते हैं कि डंकी रूट से भारत से अमेरिका जाने वालों की संख्या काफी है। विदेश जाकर बहुत सारा धन कमाने का सपना देखने वाले हजारों लोग हर साल डंकी रूट से अमेरिका जाने का जोखिम उठाते हैं। डंकी रूट एक ऐसा जोखिम है जिसमें हर कदम पर परेशानी ही परेशानी है और कई बार मौत का भी सामना करना पड़ता है। अमेरिकी सीमा पार करने के लिए लोगों को कई महीनों तक लंबी यात्रा करनी पड़ती है। मानव तस्कर इस रूट में संचालक की भूमिका में होते हैं, जो अवैध रूप से देशों की सीमाएं लांघने में मदद के बदले लोगों से अच्छी खासी रकम लेते हैं। कई बार यह रकम 50 से 85 लाख रुपये तक होती है। अमेरिका में डॉलर में धन कमाकर भारत पैसा भेजने वाले लोगों के घर अलग से पहचाने जाते हैं। कई परिवारों के लिए उनके किसी सदस्य का अमेरिका में होना स्टेटस माना जाता है।

## रिश्तों में अश्लीलता घोलता सोशल मीडिया

इंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसर एवं यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने माता-पिता की गरिमा को आहत करने वाली अश्लील, अपमानजनक एवं विवादास्पद टिप्पणी करते हुए भारतीय संस्कारों एवं संस्कृति को धुंधलाने का घिनौना एवं अक्षम्य अपराध किया है। भले ही इस टिप्पणी के लिए माफी मांगी गयी हो, लेकिन रणवीर ने हास्य कलाकार समय रैना के यूट्यूब रियलिटी शो इंडियाज गाट लैटेंट में एक प्रतियोगी से उसके माता-पिता और यौन संबंधों को लेकर सवाल करते हुए यह आपत्तिजनक टिप्पणी की। इसको लेकर विवाद भड़क गया, लोगों के गहरा आक्रोश है। सामाजिककर्मियों के साथ-साथ विभिन्न दलों के राजनेता ने इसकी तीव्र आलोचना करते हुए पॉडकास्ट पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। इस मामले पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने यूट्यूब को नोटिस जारी किया है। साथ ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भी सक्रिय हुआ है। इस शो में माता-पिता, महिलाओं और उनके शरीर के बारे में अभद्र एवं अश्लील टिप्पणियां की गई थीं। इसलिये रियलिटी कामेडी शो के निर्माताओं, जजों और प्रतिभागियों के खिलाफ अपमानजनक भाषा और अश्लील सामग्री के इस्तेमाल को लेकर मुंबई पुलिस के साथ-साथ देश में अन्य स्थानों पर शिकायत दर्ज कराई गयी है। सोशल मीडिया से लेकर हर जगह रणवीर की थू थू हो रही है। हर कोई उनके खिलाफ आवाज उठा रहा है और जेल भेजने की मांग कर रहा है। तथाकथित रणवीर इलाहाबादिया के एक्स पर छह लाख से अधिक फालोअर, इंस्टाग्राम पर 45 लाख से अधिक फालोअर और यूट्यूब चैनल पर 1.05 करोड़ सब्सक्राइबर हैं। इलाहाबादिया उन ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स में से एक हैं, जो ऐसे अश्लील एवं संस्कृति-विरोधी प्रदर्शन से करोड़ों रुपये भी कमाते है, जिन्हें पिछले साल नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राष्ट्रीय क्रिएटर्स पुरस्कार मिला था। पिछले दिनों उन्होंने डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन के साथ मिलकर कई कैबिनेट मंत्रियों का साक्षात्कार लिया था।

## राहुल गांधी का कन्फ्यूजन कांग्रेस को डुबा देगा ?

राहुल गांधी का मुकाबला नरेंद्र मोदी और अमित शाह वाली भारतीय जनता पार्टी से हैं। पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी चुनाव जीतने की मशीन बनती जा रही है और ऐसे माहौल में कंफ्यूज होकर राजनीति करने से हार के अलावा और कुछ नहीं मिलने जा रहा है।

एक स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र के लिए सत्तारूढ़ राजनीतिक दल के साथ ही मजबूत विपक्षी दल भी बहुत जरूरी माना जाता है। लोकतांत्रिक शासन प्रणाली का यह मूल सिद्धांत माना जाता है कि जितनी मजबूत सरकार हो, उतना ही मजबूत विपक्ष भी होना चाहिए।लोकतंत्र में जनता की इच्छा सर्वोपरि होती है।जनता किसी राजनीतिक दल को बहुमत देकर सरकार चलाने का मौका देती है तो किसी राजनीतिक दल को विपक्ष में बैठाकर सरकार पर निगरानी बनाए रखने की जिम्मेदारी देती है। इसलिए यह तो स्वाभाविक है कि सरकार चलाने वाले राजनीतिक दल या गठबंधन के पास सदन में ज्यादा संख्या होती है। लेकिन जनता विपक्ष से यह उम्मीद भी करती है कि सदन में कम संख्या होने के बावजूद विपक्षी राजनीतिक दल या गठबंधन सरकार के गलत कामों की पोल लगातार खोलते रहे। स्वाभाविक तौर पर, राजनीति के मैदान में उतरने का अंतिम लक्ष्य बहुमत हासिल कर सत्ता प्राप्त करना ही होता है। लेकिन कई बार ऐसा लगता है कि इस देश के सबसे बड़े विपक्षी राजनीति दल कांग्रेस के नेता राहुल गांधी महत्वपूर्ण अवसरों पर अक्सर कन्फ्यूज होते नजर आते हैं। उनके कन्फ्यूजन का नुकसान हर बार कांग्रेस को चुनावी हार के रूप में उठाना पड़ता है। लेकिन लगातार हार मिलने के बावजूद भी राहुल गांधी के रवैये में फिलहाल तो कोई सुधार होता, नजर नहीं आ रहा है। हाल ही में, दिल्ली में हुआ विधानसभा चुनाव राहुल गांधी के इस कन्फ्यूजन का सबसे ताजा उदाहरण है। राहुल गांधी अंतिम समय तक यह फैसला नहीं कर पा रहे थे कि अरविंद केजरीवाल साथी है या विरोधी ? कांग्रेस को बचाने के लिए दिल्ली में चुनाव लड़े या फिर इंडिया गठबंधन को बचाने के लिए केजरीवाल और उनकी पार्टी के खिलाफ मजबूती से चुनाव नहीं लड़े ? उन्होंने कभी अजय माकन को केजरीवाल के ऊपर सीधा हमला करने की अनुमति दे दी तो कभी उनकी प्रेस कांफ्रेंस को ही रद्द करवा दिया। जबकि शुरुआती दौर में राहुल गांधी ने स्वयं दिल्ली के सीलमपुर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल, दोनों पर एक ही सुर में तीखा निशाना साधा था। सीलमपुर की रैली में अरविंद केजरीवाल पर तीखा राजनीतिक हमला बोलने के बाद अचानक से राहुल गांधी कुछ दिनों के लिए शांत हो गए। ऐसी खबरें निकलकर सामने आने लगी कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, महाराष्ट्र के दिग्गज नेता शरद पवार और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के कहने पर ना केवल उन्होंने अजय माकन की प्रेस कॉन्फ्रेंस को रद्द करवा दिया

## कब है द्विजप्रिया संकष्टी चतुर्थी? पूजा में शामिल करें ये सामग्री, बरसेगी गणपति बप्पा की कृपा

ज्योतिष के अनुसार, हर महीने के कृष्ण और शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की जाती है। व्यक्ति जीवन में सभी तरह के सुखों की प्राप्ति के लिए व्रत भी करते हैं। इस साल द्विजप्रिया संकष्टी चतुर्थी कब मनाई जाएगी, चलिए आपको बताते हैं।

हिंदू धर्म में द्विजप्रिय संकष्टी चतुर्थी को बहुत ही शुभ माना जाता है। यह त्योहार फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। इस बार द्विजप्रिय संकष्टी चतुर्थी 16 फरवरी 2025, दिन रविवार को मनाई जाएगी। इस खास दिन पर भगवान गणेश की पूजा की जाती है। द्विजप्रिय संकष्टी चतुर्थी के दिन भगवान गणेश की विधिवत पूजा और व्रत रखते है। इस दिन सूर्योदय से लेकर चंद्रोदय तक उपवास रखते हैं। आपको बता दें कि, संकष्टी का अर्थ है जीवन के संकटों से मुक्ति। भगवान गणेश बुद्धि के सर्वोच्च स्वामी, सभी कष्टों का निवारण करते हैं। मान्यता है संकष्टी चतुर्थी का व्रत को करने से सभी लोगों बाधाओं से मुक्ति मिल जाती है।

## मध्यम वर्ग को राहत देने वाला बजट

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया वित्त वर्ष 2025-26 का बजट करदाताओं, निवेशकों तथा मध्यम वर्ग को मुस्कुराहट देते दिखाई दे रहा है। वित्त मंत्री बजट के माध्यम से टैक्स में कटौती और वित्तीय प्रोत्साहनों से मध्यम वर्ग की क्रयशक्ति बढ़ा कर मांग में वृद्धि करके अर्थव्यवस्था को गतिशील करने की रणनीति पर आगे बढ़ते हुए दिखाई दी हैं। वित्त मंत्री ने नये टैक्स रिजीम के तहत 12 लाख रुपये तक की कमाई को टैक्स फ्री किया है। खास बात यह भी है कि बजट के तहत बीमा में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की वर्तमान 74 फीसद की सीमा बढ़ा कर 100 फीसद किया गया है। इससे कंपनियों को ज्यादा पैसा मिलेगा और ऐसे में वे अपना विस्तार करेंगी और प्रीमियम भी कम होने से करदाता और मध्यम वर्ग लाभान्वित होगा।

निस्संदेह कोरोना काल के बाद मध्यम वर्ग को राहत देने को लेकर लगातार मांग तेज हुई है। सरकार ने विगत वर्षो में जहां गरीब लोगों के लिए ढेर सारी राहतों का ऐलान किया, वहीं कॉरपोरेट जगत पर भी सरकार ने ध्यान दिया। लेकिन सबसे अधिक टैक्स देने वाला मध्यम वर्ग पीछे छूट गया। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पिछले विभिन्न बजटों में मध्यम वर्ग की चिंताओं पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया है। इस वर्ग पर लगाए गए कर की तुलना में इस वर्ग को सार्वजनिक सेवाओं के जरिए बहुत कम रिटर्न मिला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी बजट सत्र की शुरु आत पर मध्यम वर्ग को सौगात देने के संकेत दिए थे। साथ ही, वित्त मंत्री ने संसद में 2024-25 की जो आर्थिक समीक्षा पेश की उसमें भी वेतनभोगी और स्वरोजगार वाले मध्यम वर्ग की वास्तविक आय में कमी आने की बात स्वीकार की थी। ऐसे में वित्त मंत्री कोरोना काल के बाद देश के विकास का इंजन कहे जाने वाले मध्यम वर्ग के निजी उपभोग पर होने वाले खर्च में गिरावट से घटी हुई विकास दर को बढ़ाने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ी हैं। निश्चित रूप से इस बजट से सरकार लंबे समय से लंबित मध्यम वर्ग की आर्थिक वित्तीय शिकायतों का समाधान करते हुए आर्थिक वृद्धि की गति को फिर से तेज कर उपयुक्त कर राहत से एक अच्छा आर्थिक चक्र करने की डगर पर आगे बढ़ी है।

निश्चित रूप से मध्यम वर्ग पर कर का बोझ कम करने से खपत बढ़ेगी। इससे जीएसटी संग्रह में वृद्धि होगी और कर योग्य आय वालों का आधार बढ़ेगा। मजबूत मध्यम वर्ग भारत के ऊंचे विकास के सपने को आकार देने का आधार बनते हुए भी दिखाई देगा।

## शिव मंत्रों का जाप करने से दूर होते हैं रोग और कष्ट, पूरी होगी हर मनोकामना

सोमवार का दिन भगवान शिव को समर्पित होता है। सोमवार के दिन भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। बताया जाता है कि भगवान भोलेनाथ बहुत भोले हैं और अपने भक्तों से जल्दी प्रसन्न हो जाते हैं। वहीं भगवान शिव की पूजा में तरह-तरह की चीजों का इस्तेमाल किया जाता है। जिससे कि भगवान शिव की कृपा प्राप्त की जा सके। इन सबमें भगवान भोलेनाथ के मंत्रों का जाप बहुत शक्तिशाली माना जाता है। बताया जाता है कि भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने के साथ ही कुछ मंत्रों का जाप करने से रोग-कष्ट और हर तरह की परेशानियां दूर हो जाती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको महादेव के कुछ शक्तिशाली मंत्रों के बारे में बताने जा रहे हैं। बता दें कि सोमवार के दिन महादेव के इन मंत्रों का जाप करने से जातक के रोग, दोष और सभी संकट दूर हो जाते हैं। इन मंत्रों का जाप करने से कालसर्प दोष, पितृ दोष और राहु-केतु व शनि की पीड़ा से मुक्ति मिल जाती है। जिन लोगों के लिए महामृत्युंजय मंत्र का जाप करना कठिन लगता है उनको लघु महामृत्युंजय मंत्र का जाप करना चाहिए। इससे जातक का असाध्य रोग भी दूर हो जाता है।

## परीक्षा योद्धाओं की नई परिभाषा: परीक्षा के युद्धक्षेत्र से परे

धर्मेंद्र प्रधान

प्रकृति ने अपनी असीम बुद्धि से प्रत्येक मनुष्य को एक अलग पहचान दी है - हमारी उंगलियों के निशान से लेकर आंखों की पुतलियों तक, हमारे अनुभव से लेकर विचारों तक, हमारी प्रतिभाओं से लेकर उपलब्धियों तक। मानवीय विशिष्टता के बारे में यह गहन सत्य हमारे समाज की विशेषता रही है और हमारी शिक्षा प्रणाली को इस विशेषता को प्रतिबिंबित करना चाहिए। प्रत्येक बच्चे में कुछ जन्मजात प्रतिभा होती है, कुछ शैक्षिक प्रतिभा से चमकते हैं, अन्य रचनात्मकता के लिए तत्पर होते हैं, कई अन्य एथलेटिक और पेशेवर कौशल से युक्त होते हैं। इस विशिष्टता को दर्शाते हुए, स्वामी विवेकानंद ने एक बार कहा था, शिक्षा मनुष्य में पहले से मौजूद पूर्णता की अभिव्यक्ति है।

एक बच्चे की प्राकृतिक प्रतिभा को निखारना और उसे उसकी पसंद के शैक्षणिक और पाठ्येतर गतिविधियों में रचनात्मक रूप से शामिल करना हमारे शैक्षणिक संस्थानों के सामने कठिन चुनौतियां रही हैं। शिक्षकों और नीति निर्माताओं के रूप में हमारी भूमिका एक बच्चे की अनूठी प्रतिभा को विकसित करना है, जिससे वह चुने हुए लक्ष्य में श्रेष्ठता प्राप्त कर सके। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 ने प्रतिभा को परिभाषित करने और उसको विकसित करने के तरीके में एक विलक्षण बदलाव किया है। यह एक दार्शनिक ढांचा है जो वास्तव में हमारे प्रत्येक बच्चे में मौजूद विशिष्टता की सूक्ष्म रूपरेखा का वर्णन कर सकता है जो हमारे देश की उन्नति में योगदान देता है।

हमारे प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में, हम शिक्षा में संपूर्ण सुधार लागू कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बच्चे की शैक्षिक यात्रा हमेशा रोमांचकारी और यादगार बनी रहे। बच्चे पढ़ाई और परीक्षा के दौरान किसी भी तरह के तनाव और दबाव से मुक्त रहें। यह दृष्टिकोण हमारे शैक्षिक सुधारों का केंद्र है, बुनियादी शिक्षा से लेकर शिक्षा और अनुसंधान के उच्चतम स्तरों तक।

कुछ साल पहले, हमारे युवा शिक्षार्थियों के लिए बाल वाटिका या खिलौना-आधारित शिक्षा ने व्यापक संदेह को आमंत्रित किया होगा। आज, एनईपी की बदौलत, ये अभिनव दृष्टिकोण प्रारंभिक शिक्षा में आमूल परिवर्तन ला रहे हैं, जिससे सीखना कष्टदायक होने के बजाय एक आनंददायक कार्य बन गया है। हमारी नई शिक्षा प्रणाली यह मानती है कि प्रत्येक बच्चा अपनी प्राकृतिक प्रतिभा के अनुसार विकास करता है।

हमारी क्रेडिट ट्रांसफर नीति जो एक अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट स्थापित करती है, एक और उन्नतिशील कदम आगे बढ़ाती है। यह माना जाता है कि जीवन का मार्ग हमेशा सीधा नहीं हो सकता है, बल्कि इसमें उतार-चढ़ाव भी हो सकते हैं और सीखना विभिन्न परिस्थितियों में विभिन्न गति से हो सकता है। शिक्षार्थी औपचारिक शिक्षा को रोक सकते हैं क्योंकि वे अपनी रुचि के अनुसार काम करते हैं, व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करते हैं तथा अपने परिवार का समर्थन करते हैं। जब वे औपचारिक शिक्षा में वापस लौटते हैं, तो उनके अपने अनुभव और उपलब्धियां काम आती हैं और इन्हें महत्व दिया जाता है जो उनके क्रेडिट अकादमिक रिकॉर्ड में शामिल किया जाता है। यह अनुकूलनियता इस बात को जोर देती है कि सीखने के दरवाज़े हमेशा खुले रहते हैं, जो लोगों को उनके जीवन के किसी भी मोड़ पर सीखने के पारिस्थितिकी तंत्र में वापस लाते हैं।

सरकार ऐसी संस्कृति विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां परीक्षा में सफलता कभी भी संपूर्ण विकास पर हावी न हो, जिससे हमारे युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान न हो। इस महत्वपूर्ण चुनौती को पहचानते हुए, हमारी सरकार ने परीक्षा से संबंधित तनाव को दूर करने में मदद करना एक राष्ट्रीय प्राथमिकता बना दिया है। प्रधानमंत्री की अभूतपूर्व परीक्षा पे चर्चा पहल छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के मूल्यांकन के तरीके को बदलने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। छात्रों और अभिभावकों के साथ प्रधानमंत्री की बातचीत ने परीक्षा की चिंता को राष्ट्रीय संवाद में बदल दिया है। उन्होंने पिछले कई वर्षों से परीक्षाओं को लेकर होने वाली चिंता को दूर करने का प्रयास किया है, जो संवेदनशील दिमाग पर अनावश्यक दबाव डालती है। प्रधानमंत्री के अपने जीवन और अनुभवों से लिए गए व्यावहारिक सुझावों को परीक्षार्थियों ने खूब सराहा है, जिससे उनका परीक्षा में तनाव मुक्त प्रदर्शन आश्वस्त हुआ है। सच्चे नेतृत्व के एक उदाहरण में, हम भारतीयों की भावी पीढ़ी को बढ़ावा देने के लिए एक दूरदर्शी नेता के समर्पण को देख रहे हैं जो राष्ट्र निर्माण में योगदान देता है और राष्ट्र की प्रगति की ओर निरंतर अग्रसर होना सुनिश्चित करता है। माता-पिता और समाज तथा नागरिक पर ये परिवर्तन केंद्रित है। परीक्षा पे चर्चा मानसिक स्वास्थ्य और शिक्षण सहायक, वातावरण के महत्व को उजागर करने में परिवर्तनकारी रही है। यह एक ऐसी मानसिकता है जिसे केवल 10वीं और 12वीं के छात्रों की बोर्ड की कक्षाओं के अलावा सभी कक्षाओं और सभी उम्र के छात्रों में बढ़ावा दिया जाना चाहिए । परीक्षा के समय दबाव और तनाव को दूर करने के सभी चरणों को सिखाया जाना चाहिए। रवींद्रनाथ टैगोर के बुद्धिमान शब्दों में, बच्चे को अपनी शिक्षा तक सीमित न रखें, क्योंकि वह किसी और समय में पैदा हुआ है। शैक्षिक परिवर्तन के प्रति हमारा दृष्टिकोण इसी ज्ञान से निर्देशित है। यह विचार कि शिक्षा में तनाव अनिवार्य है, इस समझ को बदलने की आवश्यकता है कि वास्तविक शिक्षा पोषण करने वाले वातावरण में पनपती है। जब समुदाय, शिक्षक और परिवार मिलकर ऐसा माहौल बनाते हैं जहां छात्र का विकास हो सकें, तो सफलता अवश्य मिलती है। कक्षा से लेकर खेल के मैदान तक, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों से लेकर अनुसंधान प्रयोगशालाओं तक, हमें ऐसे स्थान बनाने चाहिए जहां अलग-अलग प्रतिभाएं अपनी चमक पा सकें और विकास कर सकें। पारंपरिक एक-आकार-सभी-फिट दृष्टिकोण को बदलने की कोशिश की जा रही है ताकि एक से अधिक सूक्ष्म, उत्तरदायी प्रणाली को रास्ता दिया जा सके जो व्यक्तिगत क्षमता को पहचान सके और उसका विकास कर सकती हो। जैसे-जैसे हम विकासित भारत की ओर तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं, हमारी शिक्षा प्रणाली राष्ट्रीय परिवर्तन की एक प्रमुख आधारशिला के रूप में खड़ी है।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि: आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आपके द्वारा की जाने वाली मेहनत का फल जल्दी ही प्राप्त होगा। आज आप अपने कार्यों पर ध्यान देंगे और सकारात्मक रहेंगे। किसी समस्या का हल आपके काम से ही मिलेगी।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज जीवन बहुत सहज और आसान लगेगा। दूसरों से आगे जाने की इच्छा आपके आत्मविश्वास और कार्यकुशलता में वृद्धि करेगी।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। नया बिजनेस शुरू करना या बढ़ाना चाह रहे हैं तो आज उससे संबंधित शुरूआत करना बहुत ही अनुकूल रहेगा। प्रॉपर्टी के बिजनेस के लिए लाभदायक स्थिति बनी हुई है। आज आपको ऑफिशियल कार्यों में सफलता मिलेगी।

कर्क राशि:आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज परिस्थितियों को देखने का नजरिया बदलने की जरूरत है। समस्याओं को सकारात्मकता के साथ हल करेंगे

सिंह राशि: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। दांपत्य जीवन में मधुरता और आपसी सामंजस्य उचित बना रहेगा। युवा वर्ग व्यर्थ के कामों में अपना समय नष्ट न करें।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज जीवनसाथी व परिवारजनों का सहयोग आपके आत्म बल व आत्मविश्वास को बनाकर रखेगा। आज बेवजह की उलझनों से दूर होकर अपने काम पर ध्यान दे पाएंगे।

तुला राशि: आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक समस्या हल होने वाली है। कहीं रुका हुआ पैसा मिलने की संभावना है। आत्म चिंतन करने से आपके दृष्टिकोण में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों पर आपका ध्यान केंद्रित रहेगा। अपने लक्ष्य के प्रति पूर्ण रूप से एकाग्र चित्त रहें, तो आपको सफलता प्राप्त होगी।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। विद्यार्थी और युवा अपनी सफलता को लेकर मन में किसी भी तरह का संशय न रखें। नया निवेश करने से पहले अच्छी तरह जांच-पड़ताल कर लें।

मकर राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज दूसरों से ज्यादा उम्मीदें करने की बजाय अपनी कार्य क्षमता व योग्यता पर ही विश्वास रखें।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। नौकरी और बिजनेस के सिलसिले में यात्रा का प्रोग्राम बन सकता है।

मीन राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज किसी करीबी की सलाह आपके लिए फायदेमंद होगी।



भारतीय किसान यूनियन ( बीकेयू ) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने आगरा में निजी बिजली कंपनियों पर 40 लाख रुपये तक का बकाया बिजली बिल भेजकर किसानों को लूटने का आरोप लगाया। एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने सरकार से इन बिलों को माफ करने का आग्रह किया और मांग पूरी नहीं होने पर विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी।

## इंडिया एनर्जी वीक 2025 में पीएम मोदी ने कहा

# भारत विकास और पर्यावरण दोनों को समृद्ध करने के लिए प्रतिबद्ध

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस की दो दिवसीय यात्रा के दौरान वर्चुअली 'इंडिया एनर्जी वीक 2025' को संबोधित करते हुए कहा कि 21वीं सदी भारत की सदी है। भारत केवल अपनी नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की विकास यात्रा को गति दे रहा है, और इसमें ऊर्जा क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि भारत की ऊर्जा महत्वाकांक्षाएं पांच स्तंभों पर आधारित हैं। संसाधनों का कुशल दोहन, नवाचार को बढ़ावा, मजबूत अर्थव्यवस्था और स्थिर राजनीतिक स्थिति, रणनीतिक भौगोलिक स्थिति और वैश्विक स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता। पीएम मोदी ने कहा कि भारत 2030 तक 500 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा क्षमता जोड़ने, भारतीय रेलवे को नेट ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन की ओर ले जाने और हर साल 50 लाख मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य रख रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ये लक्ष्य महत्वाकांक्षी लग सकते हैं, लेकिन पिछले 10 वर्षों में भारत ने जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वे इन लक्ष्यों को प्राप्त करने की क्षमता को दर्शाती हैं। प्रधानमंत्री ने भारत की आर्थिक प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि देश ने पिछले 10 वर्षों में दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का सफर तय किया है। भारत की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता 32 गुना बढ़ी है, जिससे देश दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक बन गया है। गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा क्षमता भी तीन गुना बढ़ी है। मोदी ने कहा कि भारत पेरिस समझौते के लक्ष्यों को समय से पहले पूरा करने वाला पहला जी-20 देश है। उन्होंने इथेनॉल सम्मिश्रण की सफलता को रेखांकित करते हुए कहा कि आज भारत में 19 प्रतिशत इथेनॉल सम्मिश्रण किया जा रहा है, जिससे विदेशी मुद्रा की बचत हुई है, किसानों की आय बढ़ी है और कार्बन उत्सर्जन में कमी आई है। भारत अक्टूबर 2025 से पहले 20 प्रतिशत इथेनॉल सम्मिश्रण का लक्ष्य हासिल कर लेगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत के नेतृत्व में बने 'ग्लोबल बायोफ्यूल्स एलायंस' से 28 देश और 12 अंतरराष्ट्रीय संगठन जुड़ चुके हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत अपने हाइड्रोकार्बन संसाधनों की संभावनाओं को पूरी तरह से तलाशने के लिए सुधार कर रहा है। बड़ी खोजों और गैस बुनियादी ढांचे के विस्तार के कारण भारत का गैस क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। वर्तमान में भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रिफाइनिंग हब है और सरकार इसे 20 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की तलछटी घाटियों (सेडीमेंटरी बेसिन) में कई हाइड्रोकार्बन संसाधन हैं, जिनमें से कुछ की खोज हो चुकी है और कुछ की खोज बाकी है। सरकार ने 'ओपन एकरेज लाइसेंसिंग पॉलिसी' बनाई है, जिससे अपस्ट्रीम सेक्टर अधिक आकर्षक हुआ है। सरकार ने समुद्री क्षेत्र में तेल और गैस संसाधनों की खोज, उत्पादन और रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार बनाए रखने के लिए कई नीतिगत सुधार किए हैं। मोदी ने कहा कि भारत में पाइपलाइन बुनियादी ढांचे में वृद्धि के कारण प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढ़ रही है और भविष्य में इसका उपयोग और बढ़ेगा। उन्होंने निवेशकों को ऊर्जा क्षेत्र में अपार संभावनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि 'मेक इन इंडिया' और स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला को बढ़ावा देने के तहत भारत में फोटोवोल्टिक (पीवी) मॉड्यूल और अन्य हार्डवेयर के निर्माण की विशाल संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि भारत की सौर पीवी मॉड्यूल निर्माण क्षमता पिछले दस वर्षों में 2 गीगावॉट से बढ़कर 70 गीगावॉट हो गई है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बैटरियों और ऊर्जा भंडारण क्षमता के क्षेत्र में नवाचार और निर्माण की विशाल संभावनाएं हैं। भारत इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर तेजी से बढ़ रहा है, और बैटरियों की मांग को पूरा करने के लिए ऊर्जा भंडारण क्षेत्र में तेजी से काम करने की जरूरत है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस में फ्रांस के राष्टपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की.



केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की.

## विपक्ष ख्याली पुलाव पका रहा है, बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी : उपेंद्र कुशवाहा

पटना (आरएनएस)। एनडीए में शामिल राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए की सरकार बनने की भविष्यवाणी करते हुए कहा कि विपक्ष ख्याली पुलाव पका रहा है, बिहार में 100 प्रतिशत गारंटी है कि एनडीए की सरकार बनेगी।

उन्होंने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि दिल्ली के चुनाव का परिणाम कुछ भी होता लेकिन बिहार में स्पष्ट है कि एनडीए की सरकार बनेगी और बहुत ढंग से बनेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बीमार होने के विपक्षी नेताओं के बयान पर पूर्व केंद्रीय मंत्री कुशवाहा ने कहा कि जिनको जो बोलना है बोलते रहें, मुख्यमंत्री फिलहाल अपनी प्रगति यात्रा पर हैं और मजबूती से अपना काम कर रहे हैं। इस यात्रा के दौरान वह लोगों के बीच जा रहे हैं।

उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि बीमार तो कोई हो सकता है। मणिपुर के मुख्यमंत्री के इस्तीफे पर उन्होंने कहा कि इस बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है, लेकिन अगर ऐसा हुआ है तो सोच-समझकर ही फैसला लिया गया होगा या पार्टी से कुछ निर्देश प्राप्त हुआ होगा। दिल्ली चुनाव परिणाम को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख ने कहा कि दिल्ली का चुनाव परिणाम वहां की जनता का निर्णय है। ऐसा ही निर्णय जनता लेने वाली है, ऐसा पहले से ही लग रहा था। वहां के लोगों में %आप% के नेता अरविंद केजरीवाल के खिलाफ काफी गुस्सा था। दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने जा रही है, यह अच्छी बात है।

बता दें कि भाजपा ने दिल्ली में 27 साल बाद स्पष्ट बहुमत हासिल किया है। दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों में से उन्होंने 48 सीटें जीती हैं, जबकि आम आदमी पार्टी को 22 सीटें मिली हैं। कांग्रेस का खाता नहीं खुला है। इससे पहले भाजपा ने 1993 में 49 सीट जीतकर दो तिहाई बहुमत हासिल किया था।

### महाकुंभ को लेकर अनर्गल प्रलाप कर रहे अखिलेश यादव : ब्रजेश पाठक

लखनऊ (आरएनएस)। महाकुंभ जाने वाले रास्तों में वाहनों की लंबी कतार और घंटों जाम को लेकर सपा मुखिया अखिलेश यादव सरकार को घेर रहे हैं। इस पर यूपी के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सपा और अखिलेश यादव पर अनर्गल प्रलाप करने का आरोप लगाया।

ब्रजेश पाठक ने कहा, महाकुंभ को लेकर समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ श्रद्धालुओं के साथ है और लोगों की सुविधा के लिए बेहतर से बेहतर इंतजाम कर रही है। अखिलेश और अन्य विपक्षी दल लगातार सनातन के खिलाफ टिप्पणी करते रहते हैं, जो सनातन धर्म कभी स्वीकार नहीं करेगा। आने वाले समय में उनको इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्हें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि सनातन संस्कृति आज उच्च शिखर की ओर आगे बढ़ रही है। सभी लोग चाहते हैं कि पवित्र संगम स्थल पर आकर स्नान करें।

इससे पहले सपा प्रमुख ने %एक्स% पर पोस्ट करके महाकुंभ जाम को लेकर सरकार को घेरा था।

## महाकुंभ हादसे से सरकार को लेना चाहिए सबक, सुरक्षा व्यवस्था बड़ी जिम्मेदारी - विक्रमादित्य सिंह

शिमला (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने महाकुंभ को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं व्यक्तिगत रूप से वहां गया था ,तब स्थिति सामान्य थी। लेकिन जिस तरह की खबरें सामने आ रही हैं, वो ठीक नहीं हैं।

बीते कुछ दिनों से जो जानकारी सामने आ रही है, वो काफी भयावह है। वहां पर काफी हड़कंप की खबरें सामने आ रही हैं। वहीं ट्रैफिक में भी समस्या हो रही है, ऐसे में मेरा यही कहना है कि प्रदेश सरकार को बड़ा कदम उठाना चाहिए। पूरे देश और विश्व से लोग आ रहे हैं और स्थिति को सामान्य बनाए रखना बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि पहले भी शुरुआती दिनों में कई लोगों की दुखद मृत्यु हुई है, इससे सबक लेना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि पुख्ता इंतजाम के साथ ट्रैफिक मैनेजमेंट किया जाना चाहिए। साथ ही स्थिति को सामान्य बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए, क्योंकि लाखों की संख्या में लोग वहां स्नान करने के लिए पहुंच रहे हैं। 26 फरवरी तक महास्नान होना है, ऐसे में सरकार को देखना चाहिए कि कोई अप्रिय अनहोनी न हो। हिमाचल प्रदेश के भी काफी लोग महाकुंभ जा रहे हैं,



प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान श्रद्धालु गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम पर पवित्र डुबकी लगाने के लिए एकत्रित होते हुए ।

## सीएम योगी की दो टूक, ' जो हमेशा वीआईपी कल्चर में रहे हैं, वो कुंभ को लेकर नकारात्मकता फैला रहे'

लखनऊ (आरएनएस)। महाकुंभ को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बड़ा बयान सामने आया है। महाकुंभ से जुड़े कुछ नकारात्मक विचारों और सवालों पर तीखा विरोध करते हुए सीएम योगी ने कहा कि ये वे ही लोग हैं जो हमेशा वीआईपी कल्चर में रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 29 दिनों में महाकुंभ में 45 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया है, जबकि कुछ लोग झूठी खबरें फैला रहे हैं और सनातन धर्म के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं।

इससे पहले डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने अखिलेश यादव पर निशाना लगाते हुए उन्हें संकीर्ण सोच का आरोप लगाया। मौर्य ने सोशल मीडिया (ङ्ग) पर पोस्ट करते हुए लिखा, श्री अखिलेश यादव जी, महाकुंभ को लेकर अनर्गल प्रलाप बंद कीजिए! संपूर्ण देश से श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने आ रहे हैं। सरकार और भाजपा कार्यकर्ता सेवा ही संगठन के संकल्प के साथ दिन-रात श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे हैं। आपकी राजनीति आस्था और व्यवस्थाओं को नीचा दिखाने तक ही सीमित रह गई है। महाकुंभ भारतीय संस्कृति का गौरव है, और इस पर सवाल उठाकर आप अपनी संकीर्ण सोच ही दर्शा रहे हैं! देश और दुनिया के कोने-कोने से श्रद्धालुओं का आगमन महाकुंभ में जारी है।

## जब तक न कहें, ईवीएम डेटा नष्ट न करें... चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट का आदेश

नई दिल्ली(आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को चुनाव आयोग को एक महत्वपूर्ण निर्देश जारी करते हुए कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में सुरक्षित रखे गए चुनावी डेटा को अभी नष्ट न किया जाए। अदालत ने यह आदेश चुनाव के बाद ईवीएम सत्यापन से संबंधित एक मामले की सुनवाई के दौरान दिया।

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने चुनाव आयोग से कहा कि ईवीएम से किसी भी प्रकार का डेटा न हटाया जाए और न ही उसमें कोई नया डेटा रीलोड किया जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ष्ठक्र) द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए चुनाव आयोग से मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के बाद ईवीएम के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (स्ह्रक्क) के बारे में जानकारी मांगी है। अब चुनाव आयोग को अदालत को यह बताना होगा कि चुनाव के बाद ईवीएम मेमोरी और माइक्रोकंट्रोलर को जलाने की प्रक्रिया क्या है।ष्ठक्रकी याचिका में मांग की गई थी कि मतगणना पूरी होने के बाद भी मशीनों से डेटा को नष्ट न किया जाए।

ष्टछ्वढ्ढ जस्टिस खन्ना ने सुनवाई के दौरान कहा कि यह प्रक्रिया विरोधात्मक नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि कोई पराजित उम्मीदवार ईवीएम की विश्वसनीयता पर स्पष्टीकरण चाहता है, तो इंजीनियर यह स्पष्ट कर सकते हैं कि ईवीएम के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं हुई है। याचिका में यह भी मांग की गई है कि ईवीएम की जली हुई मेमोरी और माइक्रोकंट्रोलर की जांच पेशेवर इंजीनियरों से कराई जाए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ईवीएम से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं हुई है।

## चार पीढ़ियों संग महाकुंभ पहुंचे मुकेश अंबानी, संगम में लगाई डुबकी

प्रयागराज (आरएनएस)। देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने महाकुंभ में स्नान किया, उनके साथ उनकी चार पीढ़िया भी कुंभ नगरी पहुंची। उनकी मां कोकिला बेन, बेटा-बहू आकाश व श्लोका और अनंत व राधिका के साथ मुकेश अंबानी के पोते-पोती पृथ्वी व वेदा भी प्रयागराज पहुंचे। संगम में डुबकी के बाद अंबानी परिवार ने निरंजनी अखाड़े के पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानन्द गिरी जी महाराज की उपस्थिती में मां गंगा की पूजा अर्चना की। त्रिवेणी में स्नान के बाद अंबानी परिवार महाकुंभ में बने परमार्थ निकेतन आश्रम पहुंचा। परिवार ने आश्रम में सफाईकर्मियों, बोट चालाने वालों व तीर्थयात्रियों को मिठाई बांटी। परिवार के सदस्य तीर्थयात्रियों को भोजन परोसते भी दिखे। बताते चलें कि रिलायंस इंडस्ट्रीज, परमार्थ निकेतन आश्रम, शारदा पीठ मठ ट्रस्ट द्वारका, श्री शंकराचार्य उत्सव सेवालय फाउंडेशन, निरंजनी अखाड़ा और प्रभु प्रेमी संघ चैरिटेबल ट्रस्ट सहित प्रसिद्ध आध्यात्मिक संगठनों के साथ मिलकर कुंभ



कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने उचक्क्कुलम उन्नति, मुथेदम, नीलांबुर एलएसी में हाथी के हमले में अपनी जान गंवाने वाली सरोजिनी के परिवार से मुलाकात की।




बेंगलुरु के येलहंका वायुसेना स्टेशन पर एयरो इंडिया 2025 के दौरान प्रदर्शनी में अग्निका एच-3 और अग्निका 2एच का प्रदर्शन.

## सांसद विजय कुमार ने आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों को लेकर दिया स्थगन प्रस्ताव, चर्चा की उठाई मांग

नई दिल्ली (आरएनएस)। संसद सदस्य विजय कुमार उर्फ विजय वसंत ने मंगलवार को लोकसभा में एक स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया है। इसमें उन्होंने आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों और मुद्रास्फीति पर चर्चा की मांग की।

संसद सदस्य ने अपने नोटिस में कहा कि यह समस्या लाखों लोगों को प्रभावित कर रही है। इसके लिए सरकार को तत्काल प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

विजय कुमार ने अपने नोटिस के माध्यम से सरकार से आग्रह किया कि वह दूध, सब्जियों, खाना पकाने के तेल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में हो रही निरंतर वृद्धि पर कड़ी निगरानी रखे और इसे नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाए। जीवन की बढ़ती लागत आम आदमी के लिए बड़ा बोझ बन चुकी है। इसके बावजूद, सरकार ने इस समस्या से निपटने के लिए कोई प्रभावी योजना नहीं बनाई है।

सांसद ने अपने नोटिस में कहा कि पिछले कुछ महीनों में दूध की कीमतों में 5-10 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है, जो लाखों भारतीय परिवारों के लिए चिंता का कारण बन गई है। इसके अलावा, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी से परिवहन लागत में वृद्धि हुई है, जिससे अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें भी बढ़ रही हैं। सरकार ने इन समस्याओं को नियंत्रित करने के लिए कोई महत्वपूर्ण कदम नहीं उठाया है।

विजय कुमार ने यह भी बताया कि औसत भारतीय श्रमिक की वास्तविक मजदूरी पिछले कुछ वर्षों में या तो स्थिर रही है या घट गई है, जिससे आम लोगों की क्रय शक्ति कम हो रही है। इसके साथ ही, सरकार की कर नीतियों और जीएसटी ने रोजमर्रा की वस्तुओं को महंगा बना दिया है। इस स्थिति का असर देश की आर्थिक वृद्धि पर पड़ रहा है, क्योंकि घरेलू खपत में कमी आ रही है और लोग खर्च में कटौती करने के लिए मजबूर हो रहे हैं। विजय कुमार ने मांग की कि सरकार को इन बढ़ती कीमतों और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए त्वरित और प्रभावी कदम उठाने चाहिए, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके।

इस मुद्दे पर चर्चा के लिए उन्होंने अध्यक्ष से सदन की कार्यवाही स्थगित करने की अनुमति मांगी है।



मुंबई = इतिहास में ना जाने कितने ही गूढ रहस्य छुपे हुए हैं और कितने ऐसे सवाल हैं जिनका जवाब आज तक नहीं मिल पाया है, कितनी ही ऐसी सिद्धियाँ और पद्धतियाँ हैं जो काल के गाल में समा गईं, लेकिन खोज लगातार जारी रहती है. कुछ ऐसे ही तथ्यों, रहस्यों, फैन्टेसी और हॉरर जैसे एलीमेंट्स से पैक्ड फिल्म %अगथिया' का रोमांचित कर देने वाला जबरदस्त ट्रेलर रिलीज हो गया है. अनीश देव और डॉ इशारी के गणेश द्वारा निर्मित फिल्म %अगथिया% में मुख्य किरदार में जीवा और राशि खन्ना नजर आयेंगे.

# शिवांगी वर्मा ने बताया, बैडएस रवि कुमार में कैमियो के लिए क्यों हुई तैयार



हिमेश रेशमिया स्टारर हालिया रिलीज फिल्म बैडएस रवि कुमार में अभिनेत्री शिवांगी वर्मा ने कैमियो भूमिका निभाई है। फिल्म में वर्मा, प्रभु देवा की प्रेमिका की भूमिका में नजर आई हैं। उन्होंने बताया कि इस रोल के लिए उन्होंने हामी क्यों भरी।

अभिनेत्री ने उन कारणों का खुलासा किया, जिनकी वजह से उन्हें फिल्म मेरे दिल के करीब है क्योंकि मैंने हिमेश के साथ साल 2007 में आई फिल्म आपका सुरूर में 'तेरे प्यार में' गाना गाया था। यह गाना यह भूमिका निभाने का मौका मिला। फिल्म में प्रभु देवा के साथ कैमियो रोल में नजर आईं शिवांगी ने इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर की। हालांकि, उनकी भूमिका छोटी है, लेकिन वह प्रभु के साथ काम करने के अवसर और अनुभव को महत्वपूर्ण मानती हैं।

वर्मा ने बताया, मैंने फिल्म में प्रभु देवा के साथ उनकी प्रेमिका की भूमिका निभाई है। यह एक छोटी सी भूमिका है, लेकिन मैंने इसके लिए हां कहा, क्योंकि यह हिमेश रेशमिया का प्रोजेक्ट था। मैं उनके साथ दूसरी बार काम कर रही हूं। फिल्म रिलीज हो चुकी है और दर्शकों की ओर से शानदार प्रतिक्रिया सामने आई। मैं हिमेश रेशमिया की हमेशा से फैन रही हूं और उनके साथ यह मेरा दूसरा प्रोजेक्ट है, जो इसे और भी खास बनाता है। हर प्रोजेक्ट में वह जिस एनर्जी, विजन और जुनून के साथ काम करते हैं, वह बेमिसाल है।

अभिनेत्री ने आगे कहा, यह

## विजय देवरकोंडा के फैंस को मिला तोहफा, फिल्म वीडी12 की टीजर रिलीज डेट से

साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा इन दिनों काफी चर्चा में हैं। फैंस उनकी आने वाली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में उनकी फिल्म वीडी12 से एक बड़ी अपडेट सामने आई है। इस अपडेट को सुनने के बाद फैंस के बीच खुशी का माहौल है। विजय देवरकोंडा की फिल्म वीडी12 की टीजर रिलीज डेट सामने आ गई है। आइए जानते हैं इसका टीजर कब रिलीज होने वाला है। विजय देवरकोंडा की फिल्म वीडी12 का टीजर 12 फरवरी को रिलीज होने वाला है। अर्जुन रेड्डी के बाद विजय देवरकोंडा इस फिल्म में जबरदस्त एक्शन जॉनर की फिल्म में नजर आने वाले हैं। फैंस विजय देवरकोंडा की फिल्म पर कड़ी नजर रख रहे हैं। आपको बता दें कि गौतम तिन्नानुरी द्वारा निर्देशित यह फिल्म दो साल से

# दिव्या खोसला ने ग्लैमरस अवतार में गिराई बिजली, एक्ट्रेस की हॉटनेस ने बढ़ाया तापमान

अपनी खूबसूरती से हमेशा फैंस का दिल जीतने वाली एक्ट्रेस दिव्या खोसला कुमार आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस और प्रोड्यूसर दिव्या खोसला ने अपने ग्लैमरस अवतार से सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है. हाल ही में दिव्या ने अपनी नई तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं, जिसमें वह सिल्वर कलर की बॉडी-हगिंग ड्रेस में बेहद खूबसूरत और स्टाइलिश नजर आ रही हैं. इन तस्वीरों में दिव्या का ग्लैमरस अंदाज उनके फैंस को दीवाना बना रहा है. एक्ट्रेस ने अपने पोस्ट में लिखा, शिम्मर एंड शाइन फॉर आयकॉनिक गोल्ड अवार्ड्स. बेस्ट एक्ट्रेस क्रिटिक्स अवार्ड के लिए धन्यवाद.

दिव्या ने अपनी ड्रेस को काइकोडएचसी से स्टाइल किया है और उनके लुक को सुकृतिग्रोवर ने तैयार किया है. उनका मेकअप और हेयरस्टाइल भी पूरी तरह से उनके लुक को कॉम्प्लिमेंट कर रहा है.

ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि दिव्या खोसला कुमार खूबसूरती और बोल्डनेस का कॉकटेल हैं। बता दें कि फिल्मों की तरह असल जिंदगी में दिव्या खोसला कुमार काफी खूबसूरत दिखती हैं। इसके साथ ही एक्ट्रेस दिव्या खोसला कुमार इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें भी पोस्ट करती हैं।



फैंस ने कमेंट सेक्शन में जमकर तारीफ की है. कोई उनकी खूबसूरती की तारीफ कर रहा है तो कोई उन्हें 'स्टनिंग' कह रहा है. दिव्या की यह पोस्ट कुछ ही घंटों में लाखों लाइक्स और हजारों कमेंट्स बटोर चुकी है.

## सनम तेरी कसम ने रचा इतिहास, 2 दिन में तोड़ डाला अपना 9 साल पुराना रिकॉर्ड

इन दिनों सिनेमाघरों में कई फिल्में लगी हैं, वहीं कुछ फिल्में ऐसी भी हैं, जिन्हें दोबारा पर्दे पर लाया गया है। इन्हीं में से एक सनम तेरी कसम। खास बात यह है कि जब यह फिल्म रिलीज हुई थी तो बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप रही थी, लेकिन अब जबकि यह दोबार पर्दे पर आई है तो इसने 2 दिन में ही अपना पुराना रिकॉर्ड तोड़ डाला है। फिल्म शानदार कमाई कर रही है। सनम तेरी कसम 7 फरवरी को सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज हुई थी। फिल्म ने दो दिन के अंदर बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया है। पहले दिन इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर जहां 5.14 करोड़ रुपये से खाता खोला था, वहीं अब दूसरे दिन भी इसने ताबड़तोड़ कमाई की है। सैकनिल्क के मुताबिक, दूसरे दिन यानी शनिवार को इस फिल्म ने 6.22 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसकी 2 दिन की कमाई 11.36 करोड़ रुपये हो गई है। सनम तेरी कसम ने री-रिलीज के मात्र 2 दिन के अंदर अपने पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। 9 साल पहले इस फिल्म ने लाइफटाइम कलेक्शन 9 करोड़ रुपये किया था और री-रिलीज में इसने 2 दिन में ही 11 करोड़ कमा लिए हैं। बात सिर्फ अपना रिकॉर्ड तोड़ने की नही हैं। सनम तेरी कसम ने बीते शुक्रवार रिलीज हुई खुशी कपूर की लवयापा और हिमेश रेशमिया की बैडएस रविकुमार के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को भी पीछे छोड़ दिया है। साल 2016 में जब सनम तेरी कसम फिल्म रिलीज हुई थी तो इसे दर्शकों ने ज्यादा भाव नहीं दिए थे। 5 फरवरी 2016 को रिलीज हुई फिल्म को करीब 18 करोड़ रुपये बजट में बनाया गया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी। मूल रिलीज के वक्त इस फिल्म को दर्शकों ने बिल्कुल पसंद नहीं किया था। हालांकि, ओटीटी पर इसे काफी प्यार मिला। फिल्म में सरू और इंदर की लव स्टोरी ने लोगों का दिल छू लिया। सनम तेरी कसम की कहानी सरु (सरस्वती) की है, जहां उसके पिता उसे घर से बाहर निकल देते है, फिर सरु का दोस्त इन्दर हर मुश्किल में उसके साथ खड़ा रहता है और दोनों धीरे-धीरे एक-दूसरे से प्यार करने लग जाते है,

# वेलेंटाइन प्री-वीकेंड में टॉप्स में सनम तेरी कसम, लवयापा-बदमाश रविकुमार को धूल चटाने के बाद ये जवानी है दीवानी को दी मात

9 साल पुरानी रोमांटिक ड्रामा फिल्म सनम तेरी कसम ने अपनी री-रिलीज पर पहले वीकेंड में ब्लॉकबस्टर परफॉर्म किया है और यह घरेलू बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बॉलीवुड की फिल्मों में से एक बन गई है. हर्षवर्धन राणे और मावरा होकेन की यह रोमांटिक फिल्म वेलेंटाइन प्री-वीकेंड में सबसे ऊपर है. यह इस वीक बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई नई फिल्में लवयापा और बदमाश रविकुमार को भी कड़ी टक्कर दे रही है. वहीं, टिकट बुकिंग के मामले में इसने रणबीर कपूर-दीपिका पादुकोण की फिल्म ये जवानी है दीवानी को भी पीछे छोड़ दिया है.

हर्षवर्धन राणे और मावरा होकेन स्टारर सनम तेरी कसम ने अपने शुरुआती दौर में कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी. इसने मूल रूप से बॉक्स ऑफिस पर मात्र 9 करोड़ रुपये की लाइफटाइम कमाई की थी. लेकिन जब 7 फरवरी को फिल्म को फिर से रिलीज किया गया. इसने अपनी कमाई का पूरा फायदा उठाया, जबकि इस फिल्म का बिल्कुल भी प्रमोशन नहीं हुआ था.

सनम तेरी कसम ने अपने पहले दिन ही इतिहास रच दिया. मेकर्स के मुताबिक, ओपनिंग डे पर 5.14 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की, जो किसी भी दोबारा रिलीज होने वाली फिल्म के लिए अब तक का सबसे अच्छा ओपनिंग डे है. इसके बाद शनिवार को फिल्म के कलेक्शन में बढ़ोतरी देखी गई. इसने री-रिलीज के दूसरे दिन 6.22 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया.

सैकनिल्क के मुताबिक, रविवार को विनय सप्रू और राधिका राव की निर्देशित फिल्म की कमाई में फिर से उछाल देखा गया. प्री-वेलेंटाइन वीकेंड होने के कारण फिल्म को इसका फायदा मिला और इसने बॉक्स ऑफिस पर तीसरे लगभग 6 करोड़ का नेट कलेक्शन किया. तीन दिनों के बाद सनम तेरी कसम री-रिलीज का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन लगभग 17.36 करोड़ रुपये हो गए हैं.

रिपोर्ट के मुताबिक, सनम तेरी कसम की री-रिलीज के पहले शनिवार को बुकमायशो पर 157 हजार बुकिंग हुई. यह अन्य फिल्मों की तुलना में दूसरी सबसे ज्यादा टिकट सेल है. बुक माय शो पर 299 हजार बुकिंग के साथ अक्षय कुमार की स्काई फोर्स पहले स्थान पर है. तीसरे स्थान पर 100 हजार बुकिंग के साथ देवा है, जबकि रणबीर कपूर की ये जवानी है दीवानी री-रिलीज 98 हजार बुकिंग के साथ चौथे स्थान पर है.

सनम तेरी कसम इस वीकेंड में दो नई रिलीज के बावजूद बॉक्स ऑफिस पर छाई है. दर्शकों को यह फिल्म बहुत पसंद आ रही और एक पुरानी फिल्म के लिए हाउसफुल बोर्ड देखकर लोग ट्रेड हैरान भी हैं. इस वीकेंड पर बदमाश रवि कुमार, लवयापा और इंटरस्टेलर के बीच जबरदस्त टकराव के लिए ट्रेड तैयार था, लेकिन सनम तेरी कसम एक सरप्राइज पैकेज के रूप में उभरी और सभी लाइमलाइट बटोर ले गई.

## छावा की एडवांस बुकिंग शुरू, निर्माताओं ने नए पोस्टर के साथ साझा किया अपडेट

इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल छावा को बड़े परदे पर देखने के लिए फैंस उत्साहित हैं। फिल्म अपनी रिलीज से चंद कदम दूर है। फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। मेकर्स ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जानकारी साझा की है।

फिल्म छावा 14 फरवरी को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह मराठा सम्राट छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म है। मेकर्स ने आज फिल्म के पोस्टर साझा किए हैं। इसके साथ लिखा है, छत्रपति संभाजी महाराज की वीरता और बलिदान की कहानी अब बड़े परदे पर बस पांच दिनों में। एडवांस बुकिंग वर्ल्डवाइड शुरू हो चुकी है।

इसके अलावा मैडॉक के इंस्टाग्राम अकाउंट से रश्मिका मंदाना के भी फिल्म से नए पोस्टर रिलीज हुए हैं। रश्मिका इस फिल्म में येसुबाई के रोल में नजर आएंगी।

# वैलेंटाइन डे पर अपने प्यार का इजहार करने के लिए आजमाएं ये 5 रचनात्मक और रोमांटिक तरीके

वैलेंटाइन डे प्यार का त्योहार है, जब लोग अपने खास व्यक्ति को अपनी भावनाएं व्यक्त करते हैं। इस मौके पर अगर आप भी किसी को अपना वैलेंटाइन बनाना चाहते हैं तो यह लेख आपके लिए मददगार हो सकता है।

यहां हम आपको कुछ अनोखे और रोमांटिक तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपने दिल की बात कह सकते हैं और अपने रिश्ते में एक नई शुरुआत कर सकते हैं।

ये तरीके सरल होते हुए भी बहुत प्रभावशाली साबित हो सकते हैं।

एक प्यारा-सा नोट लिखें

कभी-कभी शब्दों में वो जादू होता है, जो किसी और चीज में नहीं।

एक प्यारा-सा नोट लिखकर आप अपनी भावनाओं को खूबसूरती से व्यक्त कर सकते हैं। इसमें आप अपनी पसंदीदा यादें साझा कर सकते हैं या फिर उनके बारे में कुछ खास बातें लिख सकते हैं, जो आपको बहुत पसंद हों।

इस नोट को एक सुंदर लिफाफे में डालकर उन्हें दें या उनके बैग में छुपा दें ताकि वे इसे अचानक पाकर खुश हो जाएं।

फूलों के साथ सरप्राइज करें

फूल हमेशा से ही प्यार का प्रतीक रहे हैं।

गुलाब के फूलों का गुलदस्ता देकर आप अपने दिल की बात आसानी से कह सकते हैं। अगर आपके पास समय हो तो खुद जाकर फूल चुनें और उन्हें खूबसूरती से सजाएं।



इसके साथ एक छोटा सा कार्ड जोड़ें, जिसमें लिखा हो कि क्या तुम मेरी वैलेंटाइन बनोगी? यह तरीका सरल होते हुए भी बहुत प्रभावशाली होता है।

रोमांटिक डिनर प्लान करें

अपने प्यार का इजहार करने के लिए एक खास डिनर डेट प्लान करना भी एक बेहतरीन तरीका हो सकता है।

घर पर ही कैंडल लाइट डिनर तैयार करें या फिर किसी अच्छे रेस्टोरेंट में टेबल बुक करें, जहां माहौल रोमांटिक हो।

खाने के दौरान सही समय देखकर उनसे पूछें कि क्या वे आपकी वैलेंटाइन बनना चाहेंगी? यह पल आपके रिश्ते को और मजबूत बना सकता है।

गाने के जरिए इजहार करें

अगर आपको गाना आता है तो यह तरीका आपके लिए सबसे अच्छा साबित हो सकता है।

उनके लिए कोई खास गाना गाएं, जो आपकी भावनाओं को व्यक्त करता हो।

लाइव गाना मुश्किल लगे तो पहले से रिकॉर्ड करके भेज दें या वीडियो कॉल पर गाकर सुनाएं।

संगीत की ताकत शब्दों से ज्यादा होती है और यह आपके दिल की बात को उनके दिल तक पहुंचाने का बेहतरीन जरिया बन सकता है।

इससे आपका इजहार और भी खास बन जाएगा।

फोटो एलबम बनाएं

अपनी भावनाओं को जाहिर करने के लिए अपने पार्टनर के साथ बिताए गए पलों की तस्वीरों का एलबम बनाकर देना भी एक अनोखा तरीका हो सकता है।

इसमें उन सभी यादगार पलों की तस्वीरें शामिल करें, जिन्हें आपने साथ बिताया हो और हर तस्वीर के नीचे कुछ प्यारे शब्द लिखें जो उस पल की अहमियत बताते हों।

# सिजेरियन डिलीवरी के साइड इफेक्ट क्या हैं? स्टडी में खुलासा सी-सेक ?शन मां और बच्चे दोनों के लिए खतरनाक



आजकल किसी से भी पूछो अधिकांश गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी नॉर्मल की बजाय सी-सेक्शन से कराई जा रही है. एक स्टडी के अनुसार भारत में 29 फीसदी से ज्यादा डिलीवरी सिजेरियन हो रहीं हैं, जिनका सामान्य प्रसव किया जा सकता था. वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी भारत में इसकी संख्या को घटाने की सिफारिश की है. पीयर-रिव्यू जर्नल ÿ प्रेग्नेंसी एंड चाइल्डबर्थ में पब्लिश एक स्टडी रिपोर्ट के अनुसार सिजेरियन के कई साइड इफेक्ट हैं.

सिजेरियन यानी सी-सेक्शन डिलीवरी मां और बच्चे दोनों के लिए ही खतरनाक है. वहीं इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मद्रास (द्बद्बञ्ज रूड्डस्रह्म्ड्डह्य) की एक स्टडी में ये खुलासा हुआ है. जिसमें बताया गया है कि पिछले 5 से 8 साल में देश में सिजेरियन (ष्टद्गह्यड्डह्म्द्गड्डठ्ठ) की मदद से बच्चों के जन्म होने के मामले काफी ज्यादा बढ़े हैं. आइए जानते हैं इसके बारे में विस्तार से.

भारत में कितनी बढ़ी सिजेरियन डिलीवरी

स्टडी के अनुसार भारत में 2016 से 2021 तक सिजेरियन सेक?शन से डिलीवरी में इजाफा हुआ है. इसकी संख्या पहले 17.2 परसेंट थी, जोकि बढ़कर 21.5त्न तक पहुंच गई है. स्टडी में पाया गया कि प्रेग्नेंसी में ज्यादा वजन और अधिक उम्र (35-49 साल) की महिलाओं में सिजेरियन डिलीवरी होने की संख्या दोगुनी थी.

सिजेरियन के साइड इफेक्ट

संक्रमण का खतरा

सिजेरियन डिलीवरी के दौरान महिलाओं के पेट में गहरा कट लगता है. इसकी रिकवरी के लिए डॉक्टर कई दवाइयां देते हैं. लेकिन अगर आपने घाव को लेकर जरा भी लापरवाही बरती तो घाव में संक्रमण का खतरा रहता है. संक्रमण होने पर घाव में सूजन, रेडनेस और इचिंग जैसे लक्षण नजर आते हैं.

ब्लैडर में नुकसान

सिजेरियन डिलीवरी के बाद ब्लैडर में नुकसान होने का खतरा रहता है. किडनी में भी नुकसान हो सकता है. इससे रिकवरी के लिए महिला को एक और सर्जरी से गुजरना पड़ सकता है. हालांकि, इसके मामले कम ही देखने को मिलते हैं.

गर्भाशय की लाइनिंग में संक्रमण

सिजेरियन डिलीवरी के बाद गर्भाशय की लाइनिंग में इंफेक्शन का डर रहता है. इसके लक्षणों की बात करें तो बुखार, पेट में दर्द और असामान्य वजाइनल डिस्चार्ज हो सकता है. यही नहीं, सिजेरियन डिलीवरी के बाद कुछ महिलाओं को अगर वूम्बर लाइनिंग इंफेक्शन हो जाए, तो हैवी ब्लीडिंग की समस्या भी हो सकती है.

गर्भाशय में सूजन यूं तो डिलवरी के बाद महिलाओं के गर्भाशय में सूजन रहती है, जो करीब 6 सप्ताह बाद सामान्य अवस्था में लौट आती है. लेकिन सही नहीं होने पर कंडीशन के बिगड़ने का रिस्क रहता है.

## शब्द सामर्थ्य -323

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असम्मान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, जनक, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रूप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 322 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | | फा | य | दा | | स |
| प | | ल | ला | ट | | य | ती | म |
| ति | ल | क | | क | न | क | | झ |
| | क्ष | | | | रे | | | |
| ग | ण | क | | सं | श | य | | सौ |
| ह | | या | च | क | | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | | र | क्ष | क | | न |
| | त्रि | | | | मि | | | |
| शा | य | री | | का | त | र | | गो |




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना गोरखपुर मे शैलेष वर्मा उम्र 45 वर्ष निवासी गढ़ा बजार पुरवा रोड़ डाक्टर्स कालोनी के पास ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह यूबीआई मदन महल शाखा मे छोटी लाईन के पास बैंक में काम करता है यूबीआई मदन महल शाखा में काम कर रहा था उसका मोबाइल वन प्लस कम्पनी का बैंक शाखा से कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



केंद्रिय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने मप्र के साथ जबलपुर में नए हाई स्पीड कॉरिडोर निर्माण पर की चर्चा

# जबलपुर बनेगा हाई स्पीड कोरिडोर का केंद्र

**मंत्री राकेश सिंह के प्रयास से जबलपुर - भोपाल के साथ ही जबलपुर - प्रयागराज, जबपपुर - नागपुर एवं जबलपुर - अंबिकापुर - वाराणसी के लिए बनेगा नया हाई स्पीड कॉरिडोर**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर - भोपाल हाई स्पीड नई सड़क के निर्माण के साथ ही जबलपुर से प्रयागराज, जबलपुर से नागपुर और जबलपुर से अंबिकापुर - वाराणसी के लिए अब नया हाई स्पीड कॉरिडोर का निर्माण होगा, इस हेतु केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी जी से मप्र के लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने दिल्ली में भेंट कर जबलपुर एवं प्रदेश में बनने वाले नए हाई स्पीड कॉरिडोर के संदर्भ में चर्चा कर आग्रह किया।



लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने बताया देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की मंशा अनुरूप 2047 के विजन के आधार पर देश में ऐसी सड़को का निर्माण जो जिनकी हाई स्पीड कनेक्टिविटी हो इसको लेकर केंद्र सरकार द्वारा यातायात, उद्योग, व्यापार, पर्यटन, धार्मिक स्थलों को दृष्टिगत रखते हुए अध्ययन कराया गया और प्रसन्नता की बात ही कि इसमें मप्र के साथ ही जबलपुर से चार नए हाई स्पीड कॉरिडोर जुड़ने जा रहे है।

श्री सिंह ने कहा मुख्यमंत्री माननीय डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व व उनके दूरगामी विजन के साथ प्रदेश सरकार इन्फ्रास्ट्रक्चर पर व्यापक योजना से कार्य कर रही है, इसी क्रम में आज नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री माननीय नितिन गडकरी जी से भेंट में प्रदेश में हाई स्पीड कॉरिडोर्स के निर्माण पर चर्चा हुई।श्री सिंह ने बताया केन्द्र सरकार के मास्टर प्लान में प्रथम चरण में जिन मार्गों पर निर्णय हो सकता है, उनमें जबलपुर-प्रयागराज, जबलपुर-नागपुर, जबलपुर,- भोपाल के साथ ही लखनादौन-रायपुर, इन्दौर-भोपाल, आगरा-मुरैना-ग्वालियर, झांसी-सागर को शामिल किया गया है।श्री सिंह ने बताया अन्य 9 मार्गों- जबलपुर-बैकुंठपुर (अंबिकापुर) - वाराणसी, जैसलमेर - उदयपुर - इन्दौर - नागपुर, इन्दौर - घुले - पुणे, ग्वालियर - बरेली, ग्वालियर - इन्दौर, कानुपर -सागर -भोपाल, गोधरा - इन्दौर, और कोटा -सागर को भी प्रथम चरण में शामिल करने का आग्रह किया हैं। श्री सिंह ने कहा इन हाई स्पीड कॉरिडोर की विशेषता है कि यह नए मार्ग होंगे साथ ही यह एक्सिस कंट्रोल होंगे इनमें वर्तमान फोरलेन से अलग एलायमेंट होंगे जो पूरी तरह से नए मार्ग होंगे। इन हाई स्पीड कॉरिडोर के बनने के बाद लोगो के समय और ईंधन की बचत होगी साथ ही हाइवे पर दुर्घटना की संभावना कम हो जायेगी और जबलपुर से जुड़ने वाले इन हाई स्पीड कॉरिडोर के निर्माण से जबलपुर के साथ ही सम्पूर्ण महाकौशल में विकास की नई दिशा तय होगी।

श्री सिंह ने कहा केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी जी ने हमेशा की तरह ही जबलपुर और प्रदेश के इंफ्रास्ट्रकचर को विकसित करने के दिशा में आश्वस्त करते हुए कहा ही कि शीघ्र ही इन हाई स्पीड कॉरिडोर निर्माण पर विचार पर निर्णय लिया जाएगा। श्री सिंह ने कहा डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में %विकसित मध्यप्रदेश% की विकास यात्रा में प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी, माननीय गडकरी जी के प्रति जबलपुर और प्रदेश की जनता की ओर से आभार व्यक्त करता हूं।

# जनहित को ध्यान में रखते हुए शहर में वर्ड फ्लू की आहट के पहले ही निगमायुक्त प्रीति यादव ने दिखाई तत्परता

**गंदगी फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने स्वास्थ्य अमले को निगमायुक्त ने किया अलर्ट**

**सेहत से खिलवाड़ करने और खुले में मांस, मटन एवं मछली बेचने वाले व्यापारियों पर की जायेगी कड़ी कार्रवाई - निगमायुक्त**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शहर के आस पास के जिलों में वर्ल्ड फ्लू की आहट की जानकारी लगते ही निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने जनहित को ध्यान में रखते हुए तत्परता दिखाई और नगर निगम के स्वास्थ्य अमले को अलर्ट कर दिया है। इसके साथ-साथ शहर के सभी माँस, मटन एवं मछलियों का व्यापार करने वाले व्यापारियों को भी हिदायत दे दी है कि सड़क किनारे खुले रूप से माँस, मटन एवं मछलियों का विक्रय न करने न ही प्रदूषित सामग्रियों का संकलन करें। इसके साथ-साथ निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने यह भी हिदायत दी है कि आस पास के क्षेत्रों में बेहतर स्वच्छता बनाएँ रखें ताकि संक्रामक बीमारियों का फैलाव अपने शहर में न हो सके। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देश मिलते ही स्वास्थ्य अमला अलर्ट होकर आज से कार्रवाई प्रारंभ कर ही है। यह कार्रवाई अब निरंतर शहर के सभी क्षेत्रों में जारी रहेगी। स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र राज ने जानकारी देते हुए बताया कि आज संभाग 15 अंतर्गत ए.पी.जे. अब्दुल कलॉम वार्ड आयशा नगर में खुले में मछली व्यवसाय करने वालों के द्वारा अत्याधिक गंदगी फैलाई जा रही थी, जिस पर आसिम अंसारी के विरूद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 10 हजार रूपये का स्पॉट फाइन वसूली की कार्रवाई की गयी। कार्रवाई के समय मुख्य स्वच्छता निरीक्षक अनंत दुबे आदि उपस्थित रहे।

**17 फरवरी को आईटीआई कैम्परस में होगा युवा संगम**

जबलपुर-जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 17 फरवरी को युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसका मुख्यर उद्देश्यक बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र की कंपनियों में अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। युवा संगम कार्यक्रम आई.टी.आई एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के सहयोग से हो रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इस मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियां भाग लेंगी। जिसमें दसवीं/बारहवीं/स्नातक तथा आईटीआई एवं पोलिटेक्निक डिप्लोमा योग्यता वाले तथा 18 वर्ष से 30 वर्ष आयु वाले आवेदकों का साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा चयन किया जायेगा तथा स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी प्रदान की जावेगी। आवेदक प्रात: 11ः00 बजे से स्थान शासकीय मॉडल आई.टी.आई जबलपुर में अपने समस्त शैक्षणिक व अन्य प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा सहित उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल ने बड़े फुहारे पर संत शिरोमणि रविदास जी की प्रतिमा का पूजन कर आरती की। श्री अग्रवाल ने शोभायात्रा में शामिल श्री रविदास समाज समिति के सभी सदस्यों का स्वागत अभिनंदन किया। ऐसा अवसर पर सरदार सुरजीत सिंह राजेंद्र चौधरी पंकज एवं मास्टर साहब सहित कार्यकर्तगण उपस्थित थे

# शासकीय ललित कला महाविद्यालय जबलपुर के वार्षिक चित्रकला प्रदर्शनी 2025 के अंतर्गत रंग आकृति का आयोजन किया गया है

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शासकीय ललित कला महाविद्यालय जबलपुर के वार्षिक चित्रकला प्रदर्शनी 2025 के अंतर्गत रंग आकृति का आयोजन किया गया है। जिसमें चित्रकला मूर्तिकला एवं व्यवहारिक कला की लगभग 250 कलाकृतियां प्रदर्शित की गई है।




प्रदर्शनी का का शुभारंभ वरिष्ठ चित्रकार एवं माननीय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष डॉ. अजय गुप्ता जी की अध्यक्षता में एवं मुख्य अतिथि श्री हिमांषु खरे उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश चैबर्स एवं कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीयल एवं उधोग प्रतिनिधी जनभागीदारी समिति शासकीय ललित कला महाविद्यालय जबलपुर, श्री कृष्णकांत दीक्षित, शील मेहदेले, संस्कार भारती की जिला अध्यक्ष श्रीमति माला सिंह एवं प्रांत उपाध्यक्ष श्रीमति विजयश्री मिश्रा ने सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर शुंभारंभ किया। प्रदर्शनी का अवलोकन मुख्य अतिथियों ने प्रत्येक कलाकार विद्यार्थी से उसकी कला पर चर्चा कर प्रशंसा की। चित्रकला ,मूर्तिकला एवं व्यवहारिक कला तीनो विभागों की प्रदर्शनी का अवकलोकन कर खरे सर ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों एवं उनकी कला के लिए रोजगार और उचित स्थान के संदर्भ में प्रयास करने का वादा किया। श्री अजय गुप्ता जी ने भी विद्यार्थियों के रोजगार एवं शिक्षा में सहयोग करने की बात कही। उसके बाद वार्षिक पत्रिका ''परम्परा'' 2025 रंग आकृति का विमोचन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं शाल श्रीफल देकर सम्मान किया। सम्पूर्ण कला प्रदर्शनी की अपरेखा प्राचार्य डॉ. राजलक्ष्मी त्रिपाठी के मार्गदर्शन में पूर्ण हुई। प्रदर्शनी में महाविद्यालय के शिक्षकों का

योगदान रहा। सभी अतिथियों का आभार महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. राजलक्ष्मी त्रिपाठी ने किया एवं कार्यक्रम का संचालन छात्र कपिल जाटव ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. मनीष कोष्टा , श्री बृज मोहन आर्य, सुश्री शैलजा सुल्लेरे, डॉ. प्रणव भट्ट, श्री दुर्गेष बिरथरे, श्री संजय प्रजापति, डॉ. अर्चना साहू, श्री ऋतुराज श्रीवास्तव, शामिल थे। प्रदर्शनी शहर के सभी कला के लिए 15 फरवरी 2025 के सायरू 7 बजे तक निषुल्क अवलोकनार्थ खुली रहेगी।

# हितकारिणी साइंस आर्ट्स एंड कॉमर्स महाविद्यालय में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन






जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। हितकारिणी साइंस आर्ट्स एंड कॉमर्स महाविद्यालय में दंत चिकित्सा शिविर आयोजित हुआ जिसमे कुल 152 छात्र/ छात्राओं एवं आस पास के रहवासियों ने लाभ प्राप्त किया शिविर में सभी को दांतो के रख रखाव से संबंधित जानकारी दी गई द्य शिविर में हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सक शामिल हुए कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य डा. नीलेश पान्डे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ द्य कार्यक्रम में हितकारिणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य रजनीश श्रीवास्तव, डॉ संगीता शुक्ला, डा. ममता पाठक, डा. पुष्पा शुक्ला, डा. चित्रा मिश्रा, अंजना मिश्रा, सरिता शर्मा, अंकिता चंसौरिया, संदीप सिंह परिहार, पवन वैद्य उपस्थित रहे ।

साथ ही एन. एस. एस. प्रभारी नंदिता वर्मा और एन. एस. एस. प्रभारी शुभम मौर्य ने सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र छात्राएँ उपस्थित रही.

# बाल भवन जबलपुर की श्रीमती मोहनी मोघे को कथक साधना के लिए शिखर सम्मान





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कत्थक नृत्यांगना श्रीमती मोहनी मोघे का जन्म घराने के सुप्रसिद्ध गायक राजा भैया पूंछवाले परिवार में हुआ। गायक पं. बालासाहेब पूंछवाले की सबसे छोटी पुत्री हैं। आपने प्रारंभ में, कत्थक नृत्य की, भारतीय संगीत महाविद्यालय ग्वालियर से प्राप्त की विलक्षण प्रतिभा की धनी मोहिनी जी को म.प्र. शासन के उस्ताद अलाउद्दीन खान संगीत अकादमी से पुरस्कार व शिष्य वृत्ति भी प्राप्त हुई। उस्ताद अलाउद्दीन खान संगीत अकादमी के तहत संचालित चक्रधर नृत्य केंद्र से सेभी आपने गुरु शिष्य परंपरा के तहत कथक की शिक्षा ग्रहण की। पं. कार्तिक राम एवं गुरु पं. रामलाल (रायगढ़) से भी आपने कथक की बारीकियों को जाना। इसके अलावा आपने पद्म भूषण पूज्य बिरजू महाराज, पंतबरजमहाराज, श्रीमती रोतहणी भाटे, पंडित दुर्गा लाल जी जैसी महान हस्स्तयों से भी कथक के मूल तत्व को जाना। मोहिनी जी की उपलब्धियां दूरदर्शन कलाकार, 1988 में सुर संसद द्वारा श्रृंगारमणि अलंकरण, से अलंकृत श्रीमती मोहिनी मोघे जी को 1991 में ग्वालियर घराने द्वारा सम्मानित किया। 1996 में भारत-सरकार से ॥ फेलोशिप प्राप्त हुई। सुप्रसिद्ध फिल्मकार कुमार साहनी की फिल्म खयाल-गाथा में अभिनय का अवसर मिला 1993 में से स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली श्रीमती मोहनी मोघे 90 के दशक में भारत-रूस मैत्री संघ द्वारा मास्को एवं चीन में आयोजित कल्चरल एक्सचेंज कार्यक्रम की प्रमुख दल सदस्य रहीं हैं। इसके अलावा देश भर के प्रतिष्ठित आयोजनों में मोहनी मोघे अविस्मरणीय प्रस्तुतियां दे चुकीं हैं। श्रीमती मोघे वर्ष 2023 में खजुराहो महोत्सव में चर्चित कलाकार के रूप में ख्याति हासिल कर चुकीं हैं। श्रीमती मोहिनी मोघे नृत्य अनुदेशक के पति श्री अनिल मोघे, भातखंडे संगीत महाविद्यालय में प्राचार्य के रूप में पदस्थ हैं। श्रीमती मोहिनी महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित बाल भवन भोपाल में नियुक्त होकर वर्तमान में संभागीय बालभवन जबलपुर में पदस्थ हैं। वर्ष 2022 के लिए आपको राज्य सरकार द्वारा शिखर सम्मान से दिनांक 13 फरवरी 2025 को विभूषित किया है। उनकी उपाधियों पर संचालक बाल भवन भोपाल शुभा वर्मा, संयुक्त संचालक महिला बाल विकास जबलपुर श्रीमती शशि श्याम उईके, सहंयक संचालक संभागीय बाल भवन जबलपुर गिरीश बिल्लौरे, सहित ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन, रीवा, के अधिकारियों कर्मचारियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।



# कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाईन से प्राप्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।-कलेक्टर दीपक सक्सेवना की अध्य क्षता में आज सीएम हेल्परलाईन से प्राप्तह्ल शिकायतों के निराकरण की समीक्षा की गई। इस दौरान सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उन्हों ने सभी विभागों की सीएम हेल्प लाईन की एक-एक कर समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सीएम हेल्पालाईन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें। निम्न गुणवत्ता से बंद किये गये सभी शिकायतों को देखें, साथ ही 50 दिन से अधिक के प्रकरणों को पहले निराकृत करें। शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्ता नहीं होगी। सीएम हेल्पअलाईन के निराकरण से ही जिले की रैंकिंग बनती है अतः इस दिशा में सक्रियता से कार्य करें।

# जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने 12.5 लाख रुपये से कम कीमत में पैनोरमिक सनरूफके साथ एस्टर 2025 को किया लॉन्च

गुरुग्राम- आरएनएस जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने आज अपनी श्रेणी में भारत की सबसे उन्नत एसयूवी . एमजी एस्टर का एमवाई 2025 एडिशन लॉन्च कियाए जिसमें शाइन और सेलेक्ट वेरिएंट के लिए नए फीचर्स पेश किए गए हैं। एस्टर 2025 का शाइन वेरिएंट एक पैनोरमिक सनरूफ और छह स्पीकर के साथ आ रहा हैए जिससे ड्राइविंग का अनुभव और भी शानदार हो जाता है। इससे एमजी एस्टर अपने सेगमेंट में 12ण्5 लाख रुपये से कम कीमत में पैनोरमिक सनरूफ देने वाली एकमात्र एसयूवी बन गई है। सेलेक्ट वेरिएंट में छह एयरबैग और प्रीमियम आइवरी लेदरेट सीट्स को जोड़ा गया हैए जो सुरक्षा और आराम को और बढ़ाते हैं। एआई टेक्नोलॉजी से लैस यह भारत की पहली एसयूवी हैए जो स्प्रिंटए शाइनए सेलेक्टए शार्प प्रो और सेवी प्रो वेरिएंट में उपलब्ध होगीए जिसकी शुरुआती एक्स.शोरूम कीमत 9ण्99 लाख रुपये होगी।

एमजी एस्टर एमवाई 25 के वेरिएंट में कई रोमांचक फीचर्स' दिए गए हैं . फ्रंट रो में वेंटिलेटेड सीट्सए वायरलेस चार्जरए वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और एप्पल कार प्लेए और अतिरिक्त सुरक्षा और सुविधा के लिए ऑटो.डिमिंग आईआरवीएमए साथ ही एक समग्र ड्राइविंग अनुभव के लिए अपग्रेडेड आई.स्मार्ट 2ण्0 के साथ एडवांस्ड यूजर इंटरफेस। एमजी एस्टर 2025 को आई.स्मार्ट 2ण्0 और 80 कनेक्टेड फीचर्स से लैस किया गया हैए जो ड्राइविंग अनुभव को अधिक सुविधाजनक बनाते हैं। इसके खास फीचर्स में जियो वॉयस रिकग्निशन सिस्टम शामिल हैए जो मौसम अपडेटए क्रिकेट अपडेटए कैलकुलेटरए घड़ीए दिनध्तारीख की जानकारीए राशिफलए डिक्शनरीए समाचार और जनरल नॉलेज जैसी कमांड्स को सपोर्ट करता है। डिजिटल की कार्यक्षमता के साथ एंटी.थेफ्ट फीचरए बगैर नेटवर्क के भी सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

## फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनाने वाले सेंटर के विरूद्ध एफआईआर दर्ज

जबलपुर-जिले में फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनाने की शिकायत मिलने पर कलेक्ट्र श्री दीपक सक्सेना के निर्देश में अनुविभागीय दंडाधिकारी तहसील रांझी द्वारा घमापुर चौराहे स्थित मलिक एसोसियेट संचालक जुबैर मलिक मंसूरी पिता मकसूद अहमद की एमपी ऑनलाईन की दुकान को सील किया गया। सील की गई दुकान से अनाधिकृत रूप से ट्रेस पास कर साक्ष्य के साथ छेड़छाड़ एवं शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने पर आरआई श्री सुधीर सोनी द्वारा बेलबाग थाना में संबंधित के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई

# नारायणा कोचिंग सेंटर , जबलपुर के 12 छात्रों ने जेईई मेन्स 2025 ( सत्र 1 ) में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है

**04 छात्रों ने 99 परसेंटाइल से अधिक प्राप्त किए; 10 छात्रों ने 90 से अधिक परसेंटाइल से प्राप्त किए**

**स्नेहिल झा महाकोशल रीजन में फर्स्ट रैंक**



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। परीक्षा तैयारी के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी कोचिंग संस्थान नारायणा कोचिंग सेंटर ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मेन्स 2025 (सत्र 1) में असाधारण उपलब्धि की घोषणा की है। इस संस्थान के 12 छात्रों ने परीक्षा के पहले सत्र में 90 से अधिक पर्सेंटाइल अंक प्राप्त किए हैं। एकेडमिक डायरेक्टर पवन कुमार शुक्ला ने मीडिया से संस्थान की उपलब्धि शेयर करते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया यह परिणाम देश की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक में छात्रों की मेहनत और अकादमिक उत्कृष्टता को उजागर करते हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 11 फरवरी को परिणामों की घोषणा की, जो इस साल के दो निर्धारित जेईई सत्रों की शुरुआत का संकेत है। उन्होंने कहा, हम जेईई मेन्स 2025 में अपने छात्रों की शानदार सफलता पर गर्व महसूस कर रहे हैं। उनकी मेहनत और संकल्प, नारायणा की गुणवत्तापूर्ण कोचिंग के साथ मिलकर इन बेहतरीन परिणामों को संभव बना पाया है। नारायणा में, हम ऐसे पाठ्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करते हैं जो छात्रों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुँचने में मदद करते हैं। हम सभी सफल छात्रों को बधाई देते हैं और उनके भविष्य के अगले चरणों के लिए उन्हें शुभकामनाएँ देते हैं। शाखा प्रबंधक सत्य प्रकाश ने बताया संस्थान उच्च गुणवत्ता वाली परीक्षा तैयारी सेवाएँ प्रदान करने के लिए समर्पित है, जो छात्रों को उनकी पूरी क्षमता का एहसास दिलाकर शैक्षणिक लक्ष्यों में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती है। कार्यक्रम में नारायणा कोचिंग के सेंटर डायरेक्टर पवन कुमार शुक्ला, ब्रांच हेड सत्य प्रकाश पांडे, सुमन सिंह ठाकुर,आशीष रंजन,गौरव तिवारी,कृपा शंकर गुप्ता ,विनय कुमार मौर्य,सतीश परमार,अंकित सोनी, रश्मि शुक्ला आदि स्टाफ मौजूद थे




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना गोरखपुर में रात्रि राजेन्द्र चौरसिया उम्र 35 वर्ष निवासी जोगनी मंदिर के पास रामपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके भाई के मोबाइल से उसे कॉल आया जो बताया कि आपके भाई का ग्वारीघाट रोड नाले के पास रामपुर में एक्सीडेण्ट हो गया तो वह तुरंत मौके पर जाकर देखा उसका छोटा भाई गजेन्द्र चौरसिया एवं भाई का दोस्त फूल सिंह यादव घायल अवस्था में सड़क किनारे लेटे हुये थे उसने भाई से एक्सीडेण्ट के बारे में पूछने पर बताया कि मैं अपने दोस्त फूल सिंह के साथ मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 जेड सी 3218 से वापस आ रहा था

# रेलवे स्टेशन में युवक ने मचाया कोहराम, राड मारकर टिकट काउंटर में की तोडफ़ोड़, यात्रियों में मची भगदड़

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** जबलपुर स्थित रेलवे स्टेशन में आज तड़के यात्रियों में उस वक्त अफरातफरी व भगदड़ मच गई. जब एक सिरफिरे ने प्लेटफार्म क्रमांक एक पर बने टिकट काउंटर में घुसकर तोडफ़ोड़ शुरु कर दी. प्लेटफार्म क्रमांक में अफरातफरी व तोडफ़ोड़ की खबर मिलते ही आरपीएफ के जवान मौके पर पहुंच गए, जिन्होने युवक को हिरासत में ले लिया. तोडफ़ोड़ के दौरान युवक के सिर, सीने, हाथ व कमर में चोट आने के कारण मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया. जहां पर डाक्टरों ने हालत को देखते हुए भरती कर लिया.

पुलिस अधिकारियों के अनुसार रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक एक के टिकट काउंटर पर देर रात तीन बजे के लगभग एक युवक हाथ में राड लेकर पहुंचा और गाली गलौज करते हुए काउंटर के अंदर पहुंचकर तोडफ़ोड़ शुरु कर दी. अचानक तोडफ़ोड़ होते देख कर्मचारियों ने पकडऩे की कोशिश की तो राड लेकर उन्हे खदेड़ दिया. इसके बाद उसने काउंटर में लगी खिड़कियों के कांच, कम्प्यूटर, मशीन सहित अन्य सामान राड मारकर तोडऩा शुरु कर दिए.

देखते ही देखते अफरातफरी व भगदड़ मच गई. टिकट लेकर काउंटर के सामने लाइन लगाकर खड़े लोग भी अपनी जान बचाने के लिए इधर से उधर भागते नजर आए. करीब 15 मिनट तक सिरफिरे युवक ने जमकर हंगामा कर लोगों को खदेड़ा. हंगामे की जानकारी लगते ही आरपीएफ थाना प्रभारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और युवक को हिरासत में लिया. हंगामा कर रहे युवक के शरीर पर आई





चोटों को देखते हुए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया. जहां पर युवक की हालत को देखते हुए भरती कर लिया गया है.सिरफिरे युवक की हरकत से रेलवे को काफी नुकसान हुआ है, हालांकि टिकट मशीन सुरक्षित होने के कारण टिकट वितरण में कोई दिक्कत नहीं आई. घटना को लेकर आज भी रेलवे कर्मचारियों के बीच चर्चा का माहौल बना रहा. उनका कहना है कि कभी भीए कोई भी स्टेशन में घुस आता हैऔर फिर इस तरह का हंगामा होता है. स्टेशन में आने.जाने वालों पर आरपीएफ को कड़ी नजर रखना होगा. हंगामे की जानकारी लगते ही आरपीएफ थाना प्रभारी आरके मंसूरी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और युवक को हिरासत में लिया। हंगामा कर रहे युवक को भी चोटें आई है। आरपीएफ थाना प्रभारी ने बताया कि रात करीब ढ़ाई से पौने तीन के बीच वायरलेस पर सूचना मिली थी कि कोई व्यक्ति प्लेटफार्म-1 पर तोड़फोड़ कर रहा है। जिसके बाद युवक को हिरासत में लिया गया है। तोड़फोड़ में रेलवे को काफी नुकसान हुआ है। हालांकि टिकट मशीन सुरक्षित है। जिसके चलते टिकट वितरण का काम प्रभावित नहीं हुआ है। युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी के मुताबिक युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त। रेलवे स्टेशन के अंदर और बाहर कई विक्षिप्त घूमते रहते है, जिन्हें समय-समय पर वहां से हटाया जाता है। पर वह फिर अंदर घुस आते है। हाल ही रेलवे स्टेशन में सुरक्षा के मद्देनजर यातायात को व्यवस्थित करने के लिए अवैध रूप से बने रास्तों को बंद करते हुए कुछ चुनिंदा मार्ग ही खोले गए थे। यहां आरपीएफ और जीआरपी की मौजूदगी में ही यात्री अंदर बाहर जा सकते थे। लेकिन कुछ ही दिन बाद व्यवस्था को बंद करते हुए सभी रास्ते खोल दिए गए। जिसके चलते कोई भी व्यक्ति आसानी से स्टेशन के भीतर घुस आता है। गुरुवार तड़के सुबह हंगामा का एक कारण यह भी है कि रेलवे स्टेशन के पास अवैध रूप से बने रास्ते और आउटर से लोग रेलवे स्टेशन में आ जाते है।

**रेलवे कर्मचारियों ने की आरपीएफ से सुरक्षा की मांग**

गुरुवार की टिकट काउंटर में हुई घटना के बाद रेलवे कर्मचारी में भी हडकंप मचा हुआ है। उनका कहना है कि कभी भी, कोई भी स्टेशन में घुस आता है, और फिर इस तरह का हंगामा होता है। रेलवे कर्मचारियों ने मांग की है कि स्टेशन में आने-जाने वालों पर आरपीएफ को कड़ी नजर रखना होगा। जिसके चलते भविष्य में कभी इस तरह की घटना न हो।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, 1 घायल

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** थाना तिलवारा में रात्रि वाटर प्लांट के आगे नागपुर जबलपुर रोड़ में एक्सीडेण्ट होने की सूचना पर पहुॅची पुलिस द्वारा घायलों को उपचार हेतु मेडिकल अस्पताल रवाना किया गया मेडिकल कॉलेज में फादर पालसन उम्र 49 वर्ष निवासी सेंट जूट चर्च सगड़ा थाना तिलवारा को मृत घोषित कर दिया मेडिकल में उपस्थित फादर सुलेमान उम्र 49 वर्ष निवासी सेंट जूट चर्च सगड़ा तिलवारा ने बताया कि वह सेंट जूट चर्च में रहता है दिनांक 12-2-25 को रात लगभग 8-30 बजे जल संशोधन प्लांट के आगे नागपुर हाईवे रोड पर मोटर सायकल क्रमांक एमपी 34 एम सी 2172 से तिलवारा घाट की तरफसे आ रहे फादर पालसन एवं कूरूष एन्थोनी को किसी अज्ञात वाहन चालक द्वारा तेज गति लापरवाही से वाहन चलाते हुये एक्सीडेंट कर दिया जिससे फादर पालसन के सिर मुंह पैर तथा कुरूष एनथोनी को दोनों हाथ सिर एवं शरीर में चोटें आयीं जिन्हें उपचार हेतु 108 एम्बुलेंस से मेडिकल कालेज लेकर आये जहां कुरूष एनथोनी उपचार हेतु भर्ती कर लिया गया तथा फादर पालसन उम्र 49 वर्ष निवासी सेंट जूट चर्च सगड़ा तिलवारा को मृत घोषित कर दिया है। रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281, 125(ए), 106(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### गोरखपुर पुलिस का जुए के फड़ पर छापा

जबलपुर- थाना गोरखपुर में मुखबिर से सूचना मिली कुछ लोग साईनगर खन्ना बिल्डर्स के प्लाट बिजली खम्बे के नीचे लाईट के उजाले में ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई बिजली खम्बे के नीचे उजाले में कुछ जुआरी ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेलते दिखे जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किये जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर अपने नाम क्रमशः दिनेश छपेल निवासी सदर महावीर कम्पाउण्ड थाना केंट, अमन जाट निवासी घमापुर कंजड़ मोहल्ला थाना बेलबाग, अंकित कुमार गौसाई निवासी भानतलैया बकरा मार्केट बेलबाग, अकरम राईन निवासी मछरहाई मस्जिद के पास लार्डगंज बताये

**जबलपुर में ड्राइवर के रील देखने का वीडियो**

# यात्रियों के समझाने पर भी नहीं माना ड्राइवर; अब पुलिस करेगी अब वैधानिक कार्रवाई

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** लगातार हो रहे सड़क हादसों के बाद भी चालक सबक लेने को तैयार नहीं है। बस चालक हो या फिर ट्रक चालक उनको मोबाइल देखने का इस कदर जुनून चढ़ा हुआ है कि यात्रियों की जान जोखिम की परवाह न करते हुए ये गाड़ी चलाते समय भी मोबाइल चलाते रहते हैं।

ताजा मामला जबलपुर का है। जहां एक चालक का बस चलाने के दौरान मोबाइल पर रील देखने का वीडियो सामने आया है। यह ड्राइवर मेट्रो बस चलाता है। जिसका नाम जीत सिंह ठाकुर है।

हालांकि, वीडियो सामने आने के बाद मेट्रो बस प्रबंधन ने उसे लंबी छुट्टी देते हुए बस ना चलाने के निर्देश दिए हैं। यह वीडियो करीब चार दिन पुराना बताया जा रहा है। जीत सिंह जब बस चलाते समय मोबाइल देख रहा था, उस दौरान पास बैठे यात्रियों ने उन्हें मना किया, लेकिन वह नहीं माना और मोबाइल पर रील देखना जारी रखा।



पनागर निवासी जीत सिंह कई सालों से मेट्रो बस चला रहा है। करीब पांच दिन पहले जब वह यात्रियों से भरी बस जबलपुर से पाटन तरफ ले जा रहा था। उस समय अपना मोबाइल निकाला और चलती बस में ही रील और वीडियो देखने लगा।

थोड़ी देर तो पास बैठे यात्री चुप रहे, लेकिन जब तेज रफ्तार बस के नजदीक से कुछ बड़े वाहन निकले तो वो डर गए और बस चालक को मोबाइल रखने कहा। यात्रियों की बात को नजरअंदाज करते हुए जीतसिंह मोबाइल को बस के स्टेयरिंग पर रखकर रील देखता रहा। इस बीच एक यात्री उसका वीडियो बनाया और उसे वायरल कर दिया।

अब ड्राइवरों को बुलाकर देंगे निर्देश

एएसपी सूर्यकांत शर्मा का कहना है कि बस चालक मोबाइल पर यह वीडियो किन परिस्थितियों में देख रहा था, यह भी जांच का विषय है। संबंधित थाना प्रभारी को निर्देश दिए गए है कि बस चालक के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई करे।

जल्द ही जबलपुर के बस, ट्रक और अन्य यात्री वाहनों के ड्राइवरों की बैठक बुलाकर यह निर्देश दिए जाएंगे कि बस या फिर अन्य वाहन चलाते समय अगर मोबाइल पर रील देखते या फिर बार करते पाए गए तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अगर बस चालक को बहुत जरूरी मोबाइल पर बात करना है तो वह बस को सड़क किनारे खड़ी करने के बाद बात करें, न कि चलती बस में।

### निगमहित में निगमायुक्त प्रीति यादव का बड़ा निर्णय



**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** आगामी आदेश तक निगम मद के नए सारे कार्यों की स्वीकृति पर निगमायुक्त ने लगाई रोक सारे निविदाकारों को निविदा के हिसाब प्रस्तुत देयकों का भुगतान वित्तीय स्थिति ठीक होने पर क्रमबद्ध तरीके से किया जाएगा वित्तीय स्थिति के अनुसार क्रम से भुगतान करने अपर आयुक्त वित्त को निगमायुक्त के निर्देश पूर्व में जारी कार्यादेश के विपरीत काम रोकने वाले ठेकेदारों की सूची भी होगी तैयार्सूची तैयार करने अधिकारियों को निगमायुक्त के निर्देश


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/सं.क्रं. 5/2024-25/ एम .108 दिनांक - 13/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री मोहम्मद हारून सौदागर, पिता- हाजी मोहम्मद इकबाल** ने भवन क्रं. 614 का भाग **वार्ड जवाहरगंज वार्ड**, भूतल 450 व.फु. आ., प्रथमतल 450 व.फु. आ., **वसीयतनामा** के आधार पर नगर निगम द्वारा भवन क्रं. 614 का भाग पर नामांतरण हेतु, पंजीकृत स्वामी श्री मोहम्मद कौशर, श्री मोहम्मद इकबाल, पिता- अब्दुल हई भवन क्रं. 614 का भाग पिन नं. 1000391265/ 42202083 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-05** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/सं.क्रं. 5/2024-25/ एम .107 दिनांक - 13/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री कैलाश सेन, पिता- स्व. श्री खुब्बी लाल सेन** ने भवन क्रं. 502 **वार्ड जवाहरगंज वार्ड**, भूतल 380 व.फु. आ., प्रथमतल 380 व.फु. आ., **त्याग पत्र, माननीय न्यायालय के आदेश,** के आधार पर नगर निगम द्वारा भवन क्रं. 502 पर नामांतरण हेतु, पंजीकृत स्वामी श्री मुबीन खान, पिता- श्री हारून खान, भवन क्रं. 502 पिन नं. 1000395314/ 41500746 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-05** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,संजय गांधी मार्केट नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 390 दिनांक 13.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्री जितेन्द्र सिंगरहा, पिता- स्व. श्री रविशंकर सिंगरहा, 2. श्री विशाखू सिंगरहा, पिता- स्व. श्री रविशंकर सिंगरहा** ने मकान नं. 1359/88 का भाग , सम्पत्ति पिन नं. 1000480627 का भाग **वार्ड रानी दुर्गावती वार्ड ,** क्षेत्रफल 600 व.फु., भूतल 296 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 389 दिनांक 13.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती ममता सिंगरहा, पति- स्व. श्री प्रहलाद सिंगरहा** ने मकान नं. 1359/88 का भाग , सम्पत्ति पिन नं. 1000480627 का भाग **वार्ड रानी दुर्गावती वार्ड ,** क्षेत्रफल 600 व.फु., भूतल 296 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 388 दिनांक 13.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री माखन लाल सिंगरहा, पिता- स्व. श्री बसोरी लाल सिंगरहा** ने मकान नं. 1359/88 , सम्पत्ति पिन नं. 1000480627 **वार्ड रानी दुर्गावती वार्ड ,** क्षेत्रफल 600 व.फु., भूतल 296 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 387 दिनांक 13.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री चंदू लाल सिंगरहा, पिता- स्व. श्री बसोरी लाल सिंगरहा** ने मकान नं. 1359/88 का भाग, सम्पत्ति पिन नं. 1000480627 का भाग **वार्ड रानी दुर्गावती वार्ड** , क्षेत्रफल 600 व.फु., भूतल 296 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 386 दिनांक 13.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री नितिन कछवाहा, पिता- श्री राजकुमार कछवाहा** ने मकान नं. 180/1 का भाग, सम्पत्ति पिन नं. 1000624037 **वार्ड कमला नेहरू वार्ड** , क्षेत्रफल 725 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/306/ दिनांक 13.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती छाया चौकसे, पति- श्री यशवंत कुमार चौकसे,** ने भवन क्रंमाक. एस-2 **वार्ड ग्वारीघाट वार्ड** , भूतल 232 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. एस-2 **वार्ड ग्वारीघाट वार्ड** , पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार-श्री विजय साहू, पिता श्री सुन्दर लाल साहू, के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/305/ दिनांक 13.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री संतोष सोनी, पिता- स्व.श्री हिम्मत लाल सोनी** ने भवन क्रंमाक. खसरा नं. 57/1 का हिस्सा **वार्ड ग्वारीघाट वार्ड** , प्लाट 798 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. खसरा नं. 57/1 का हिस्सा **वार्ड ग्वारीघाट वार्ड** , पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्री आशीष कुमार कश्यप, पिता- स्व. श्री किशन लाल के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/307/ दिनांक 13.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती सौम्या थधानी, पति श्री राकेश थधानी** ने भवन क्रंमाक. प्लैट नं. 2105 **वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड** , भूतल 1182 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. प्लैट नं. 2105 **वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड** , पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्री राजेश बब्बर, पिता श्री ब्रजमोहन बब्बर के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/304/ दिनांक 13.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती निधि शुक्ला, पति- स्व. श्री विनय शुक्ला** ने भवन क्रंमाक. प्लॉट नं. 4 **वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड** , प्लाट 2185 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. प्लॉट नं. 4 **वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड** , पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्री सलामत अली, पिता स्व. श्री मुमताज अली के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/298 2024-25 दिनांक 13/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1003275487 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री अभिषेक रामरखवानी, पिता- श्री किशोर रामरखवानी** के स्थान पर आवेदक **श्री मोहित लेखवानी, पिता श्री प्रकाश चंद लेखवानी** ने **मकान नं. 43-48 का भाग प्लाट नं. 12 वार्ड क्र.-12,........ वार्ड,** क्षेत्रफल 1367.66 व.फु., भूतल 1050 व.फु., प्रथमतल 1050 व.फु., **दस्तावेज- पंजीकृत विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/297 2024-25 दिनांक 13/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1002149081 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री शशांक बानी, पिता श्री राम नारायण बानी एवं श्री राम नारायण बानी, पिता स्व. श्री भगवान दास** के स्थान पर आवेदक **श्री अमित सिंह तिवारी, पिता- श्री महेन्द्र सिंह** ने **मकान नं. फ्लैट नं. 707 वार्ड क्र.-12,........ वार्ड,** सातवा तल 1300 व.फु., **दस्तावेज- पंजीकृत विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/296 2024-25 दिनांक 13/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000506761 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री इन्द्र कुमार मेहरा, पिता- श्री सीताराम मेहरा** के स्थान पर आवेदक **श्रीमती सरोज महोबिया, पति- श्री प्रकाश चंद महोबिया** ने **मकान नं. 410-412, फ्लेट नं. 305 वार्ड क्र.-12,........ वार्ड,** तृतीयतल 845 व.फु., **दस्तावेज- पंजीकृत विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/228 दिनांक 13.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री अखिल दुबे, पिता- श्री दिनेश कुमार दुबे** ने मकान नं. भूखण्ड- 130, **वार्ड महाराजा अग्रसेन वार्ड,** क्षेत्रफल 662 व.फु., भूतल 575 व.फु., प्रथमतल 575 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**


स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999